Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 07 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शनिवार 14 जून 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



मनुष्य का ज्ञान से अधिक चरित्र का प्रभाव पड़ता है।

Character has greater impact on man then knowledge.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे अहमदाबाद, हादसे वाली जगह का किया मुआयना, एयर इंडिया के सीईओ ने भी किया दौरा

**प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के मद्देनजर की समीक्षा बैठक**



**एयर इंडिया प्लेन क्रैश में 265 लोगों की गई जान**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया के यात्री विमान एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंचे। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां घटनास्थल का दौरा किया और अधिकारियों से जानकारी ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना की घटना के मद्देनजर शुक्रवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ज्ञात हो कि एयर इंडिया प्लेन क्रैश में 265 लोगों की मौत हो चुकी है।

शुक्रवार को एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैम्पबेल विल्सन अपने अधिकारियों के साथ बीजे मेडिकल कॉलेज और सिविल अस्पताल पहुंचे थे। वहीं एयर इंडिया ने एआई-171 के यात्रियों के परिवारों की सहायता करने के लिए अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली और गैटविक हवाई अड्डों पर मित्र और रिश्तेदार सहायता केंद्र स्थापित किए हैं। बता दें कि टाटा समूह ने यात्रियों के परिजनों को 1-1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है।

गुरुवार 12 मई को 1:38 पर अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के एक मिनट बाद ही हवाई अड्डे परिसर के पास स्थित सिविल अस्पताल की इमारत से टकरा गया था। इस विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 230 यात्री, 2 पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे, जिनकी मौत हो गई। केवल एक यात्री जिंदा बचा। इमारत में मौजूद छात्रों की भी मौत हुई है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन पर शोक व्यक्त किया



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शुक्रवार को गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन पर शोक व्यक्त किया। विजय रूपाणी ने हाल ही में अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजय रूपाणी के विशिष्ट करियर पर रोशनी डाली तथा राजकोट नगर निगम में उनके कार्यकाल, राज्यसभा सांसद, गुजरात भाजपा अध्यक्ष तथा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में उनके योगदान को याद किया।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता था। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है।

## एअर इंडिया प्लेन क्रैश : विमान का ब्लैक बॉक्स मिला, जांच में साबित होगा अहम

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान के दो ब्लैक बॉक्स में से एक मिल गया है, इससे विमान हादसे की वजह का पता लगाने में मदद मिलेगी, जिसमें 241 लोग मारे गए. रिपोर्ट के अनुसार, विमान के पिछले हिस्से में ब्लैक बॉक्स मिला और उसे सुरक्षित तरीके से रख दिया गया है. गुजरात एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि हमने विमान के मलबे से डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) बरामद किया है. रिपोर्ट के मुताबिक, विमान के अगले हिस्से में लगा ब्लैक बॉक्स अभी तक नहीं मिला है.

विमान दुर्घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए ब्लैक बॉक्स में रिकॉर्ड हुई जानकारी काफी अहम मानी जाती है. आइए जानते हैं ब्लैक बॉक्स क्या होता है और यह कैसे काम करता है. विमान के एक कोने में रखे छोटे से बॉक्स को ब्लैक बॉक्स कहा जाता है. यह एक छोटी मशीन होती है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करती है. ब्लैक बॉक्स मुख्य रूप से फ्लाइट रिकॉर्डर है. इसमें दो उपकरण होते हैं - कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर). सीवीआर रेडियो प्रसारण और पायलट की आवाज और इंजन की आवाज जैसी आवाजें रिकॉर्ड करता है.

## प्लेन क्रैश में बचे इकलौते यात्री से मिले पीएम मोदी, 10 मिनट की बातचीत

**पैसेंजर रमेश विश्वास कुमार ने कहा- दरवाजा टूटा और मैं सीट समेत नीचे गिर गया**



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** एअर इंडिया विमान हादसे में बचे इकलौते यात्री विश्वास कुमार रमेश से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल में मुलाकात की है। प्रधानमंत्री ने रमेश का हालचाल जाना है। दोनों के बीच करीब 10 मिनट बातचीत हुई। यात्री रमेश विश्वास कुमार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताया कि मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। शायद दरवाजा टूटा और सीट समेत नीचे गिर गया। मुझे कुछ याद नहीं था।

इसके बाद रमेश ने डीडी न्यूज से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री ने उनका हालचाल जाना और पूछा कि हादसा कैसे हुआ। रमेश प्लेन की 11A सीट पर बैठे थे। हादसे के बाद वे घटनास्थल से खुद पैदल चलकर बाहर निकले। रमेश ने कहा कि मुझे विश्वास नहीं होता, मैं कैसे जिंदा बचा। सब कुछ मेरे सामने हुआ। मुझे पता नहीं कैसे यह हुआ। मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। थोड़े वक्त के लिए लगा था कि मैं भी मरने वाला हूं। मेरी आंख खुली तो लगा कि मैं जिंदा हूं। मैंने सोचा मैं यहां से निकल सकता हूं और मैं निकल गया। टेक ऑफ होते ही पांच-दस सेकेंड के अंदर लगा कि स्टाप हो गया हो है। बाद में ग्रीन और व्हाइट लाइट ऑन हो गई। फिर जैसे ही स्पीड बढ़ाई। उसी समय गिर गया और धमाका हो गया। मेरी सीट प्लेन के जिस हिस्से में थी, वो बिल्डिंग के निचले हिस्से से टकराया होगा। ऊपर के हिस्से में आग लग गई थी, कई लोग वहीं फंसे गए। शायद मैं सीट समेत नीचे गिर गया था। मैं जैसे-तैसे निकल पाया। दरवाजा टूट गया था और सामने कुछ खाली जगह दिखी, तो निकलने की कोशिश की। दूसरी साइड पर दीवार थी, वहां से शायद कोई नहीं निकल सका। आंखों के सामने ही दो एयर होस्टेस, एक अंकल-आंटी और सब कुछ जल रहा था।

## एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**बम होने की सूचना, फुकेट से दिल्ली आ रहा था, 156 यात्री सवार थे**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** थाईलैंड से नई दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के एक विमान को शुक्रवार को विमान में बम की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। 156 यात्रियों को लेकर उड़ान संख्या 379 ने स्थानीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे (0230) फुकेत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। हालांकि, अंडमान सागर के चारों ओर चक्कर लगाने के बाद, विमान आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार थाई द्वीप पर वापस आ गया। थाईलैंड के हवाई अड्डों के एक अधिकारी ने कहा कि आपातकालीन योजनाओं के अनुसार, उड़ान संख्या डू 379 पर सवार सभी 156 यात्रियों को विमान से उतार दिया गया।

## मुख्यमंत्री साय के हाथों मिलेगा श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को 2-2 लाख की प्रोत्साहन राशि

**निर्माण श्रमिकों के खाते में 19.71 करोड़ रूपए की राशि की जाएगी अंतरित**

**न्यू सर्किट हॉउस, रायपुर में 15 जून को होगा कार्यक्रम**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में आए पंजीकृत श्रमिकों के कुल 31 मेधावी छात्र छात्राओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा 15 जून को न्यू सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस मौके पर श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि मंडल के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में 10वीं कक्षा के 26 और 12वीं कक्षा के 5 बच्चों सहित कुल 31 श्रमिक बच्चों को 2 लाख रूपए प्रति छात्र दिए जाएंगे. इसमें 1 लाख रूपए दोपहिया वाहन के लिए और 1 लाख रूपए नकद प्रोत्साहन राशि के रूप में शामिल है। इसी तरह में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने राज्य के 38200 निर्माण श्रमिकों के लिए 19.71 करोड़ रूपए से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी की जायगी। यह राशि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान की जाएगी।

यह पहल राज्य के निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## बिहार चुनाव से पहले बड़ा ऐलान, 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी 'आप'



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों को उतारेगी, हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कुछ स्पष्ट है नहीं किया था, लेकिन अब पार्टी नेतृत्व से मिले संकेत के बाद, आम आदमी पार्टी बिहार के सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है.

दिल्ली से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह 17 जून को पटना में गर्दनीबाग से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए हुंकार भरेंगे. वर्ष 2012 में दिल्ली से राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाली आम आदमी पार्टी ने जब दिसंबर 2013 में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था तब से लेकर अभी तक दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचल और खासतौर से बिहार के रहने वाले मतदाताओं को अपने साथ बनाए रखने में सफल हुई.

इस वर्ष फरवरी में संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी बहुमत से दूर रह गई, पार्टी को 70 में से सिर्फ 22 सीटें मिली और बीजेपी 48 सीटें जीतने में सफल हुई. मगर वोट फीसद की बात करें तो दोनों ही पार्टी के बीच करीब दो फीसदी का ही अंतर था. दिल्ली के पूर्वांचल बहुत सीटों पर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन इस बार भी अच्छा रहा. उन सीटों पर आप के अधिकांश विधायक जीतने में सफल रहे थे.

## छत्तीसगढ़ में सीबीजी प्लांट स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपए का निवेश, रायपुर में हुआ त्रिपक्षीय समझौता

**नगर पालिक निगम रायपुर, सीबीडीए और बीपीसीएल के मध्य हुआ एएमयू**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ को शुद्ध हरित राज्य की दिशा में ले जाने के उद्देश्य से आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। राज्य सरकार की सतत योजना के अंतर्गत कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीबीडीए श्री सुमित सरकार, हेड बायोफ्यूल्स बीपीसीएल मुम्बई श्री अनिल कुमार पी., नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप की उपस्थिति में नगर पालिक निगम रायपुर, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत रायपुर के रावाभाठा क्षेत्र में प्रतिदिन 100 से 150 टन मिश्रित ठोस अपशिष्ट एमएसडब्ल्यू से कंप्रेस्ड बायोगैस सीबीजी उत्पादन हेतु संयंत्र की स्थापना की जाएगी।

इस परियोजना की आधारशिला पहले ही 13 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव की उपस्थिति में हुए एमओयू के माध्यम से रखी जा चुकी थी। अब इसके ठोस क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए यह समझौता किया गया है। बीपीसीएल इस संयंत्र के निर्माण हेतु 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। संयंत्र के निर्माण और संचालन के दौरान प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 30 हजार मानव दिवस का स्थायी रोजगार उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, निर्माण चरण में भी स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इस संयंत्र में उत्पादित सीबीजी गैस का उपयोग नगर बसों और अन्य वाणिज्यिक माध्यमों में किया जाएगा, जिससे राज्य को हर वर्ष लगभग 1 करोड़ रुपये का जीएसटी प्राप्त होगा। संयंत्र से सह-उत्पाद के रूप में प्राप्त जैविक खाद से राज्य में जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे पर्यावरण अधिक स्वच्छ होगा। सीबीजी के उपयोग से छत्तीसगढ़ को नेट ज़ीरो एमिशन की दिशा में भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में बीपीसीएल और सीबीडीए के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओडिशा में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिन्दल कृषि सेवा शुरू



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से तीसरी बार सांसद श्री नवीन जिन्दल के विजन को आगे बढ़ाते हुए जिन्दल फाउंडेशन ने 'जिन्दल कृषि सेवा' नामक एक परिवर्तनकारी योजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य अंगुल जिले में रासायनिक खाद और कीटनाशकों से मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और कृषि उत्पादन को लंबे समय तक लाभकारी बनाना है।

इस परियोजना की शुरुआत जिन्दल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने मंगलवार को मोबाइल सॉयल टेस्टिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर 300 से अधिक किसान, सरकारी अधिकारी और कृषि विशेषज्ञ उपस्थित थे।

श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा, जिन्दल कृषि सेवा एक ऐसा मंच है, जो प्राकृतिक खेती, किसानों को प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, प्राकृतिक बीज उपचार, जैविक खाद जैसे कंपोस्टिंग, वर्मी कल्चर, गोबर, गोमूत्र तथा जैव उर्वरक निर्माण की प्रक्रिया और फसल विविधता एवं आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता में हरसंभव सहयोग करेगा।

उन्होंने कहा, देश के किसान और उनका परिवार हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी हैं इसलिए जिन्दल कृषि सेवा के माध्यम से हम पर्यावरण संतुलन, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आर्थिक विकास का अपना संकल्प साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह परियोजना श्री नवीन जिन्दल की दूरदृष्टि से प्रेरित है, जिन्होंने हाल ही में संसद में प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे देशभर में मिशन के रूप में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस योजना के तहत मोबाइल सॉयल टेस्टिंग वैन गांव-गांव जाकर मिट्टी की गुणवत्ता की जांच करेगी। इसमें मिट्टी में लवणता, नाइट्रोजन-फॉस्फोरस और पोटासियम का अनुपात और सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता की जांच प्रमुख रूप से होगी और मात्र एक घंटे में मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड के साथ-साथ प्रत्येक खेत के लिए अनुकूल प्राकृतिक पोषक तत्वों की सिफारिशें उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रारंभिक चरण में यह सेवा अंगुल जिले के 49 गांवों में शुरू की जाएगी, जिससे किसानों को बेहतर फसल योजना और पोषण प्रबंधन में सहायता मिले।

'जिन्दल कृषि सेवा' का उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता को पुनर्स्थापित करना, मोटे अनाज (मिलेट्स) का प्रचार और किसानों की आजीविका सुधार को प्राथमिकता देना है जिसमें मोबाइल सॉयल टेस्टिंग वैन के माध्यम से मिट्टी का परीक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

श्रीमती शालू जिन्दल ने इस अवसर पर उन महिला किसानों से भी संवाद किया, जो प्राकृतिक खेती, मोटे अनाज का उत्पादन एवं मूल्य वर्धन का कार्य कर रही हैं। अंगुल के अनेक ग्राम प्रधानों ने जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई जिन्दल कृषि सेवा की सराहना की है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में प्रशिक्षण के दौरान उन्हें देशी गाय पालने की विधि भी सिखाई गई, जो हमारे किसानों के लिए एक आशीर्वाद की तरह है।

संवाददाताओं से बातचीत में श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा, प्राकृतिक खेती की 'पूर्वजों की ओर चलो' की सोच के साथ हमें पूरा विश्वास है कि ऐसे किसान जो इसे अपनाएंगे, वे कैंसर, पाचनतंत्र से जुड़ी बीमारियों और स्नायु संबंधी रोगों की रोकथाम में क्रांतिकारी भूमिका निभाएंगे।

'जिन्दल कृषि सेवा' कार्यक्रम के पहले चरण में ही अंगुल जिले के 2, 000 से अधिक किसानों को लाभ होगा। जिला प्रशासन और राज्य सरकार के सहयोग से इसका विस्तार पूरे जिले में किया जाएगा।

श्रीमती जिन्दल ने कहा, हम ओडिशा के कोने-कोने तक इस सेवा को पहुंचाना चाहते हैं, जिस कार्य में प्राकृतिक खेती करने वाले हमारे किसान ही प्रेरणा के स्रोत के रूप में कार्य करेंगे।

## छत्तीसगढ़ में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व मंत्री लखमा और बेटे की करोड़ों की संपत्ति सीज



**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा की संपत्ति सहित कांग्रेस भवन को सीज किया है। ईडी ने कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा की 5.50 करोड़ की संपत्ति को सीज किया है। इसके अलावा सुकमा में स्थित कांग्रेस कार्यालय की 65 लाख की संपत्ति को अटैच किया है। ईडी के अनुसार कवासी लखमा ने अपराध की आय के रूप में कुल 72 करोड़ रुपए की अवैध राशि प्राप्त की है। इस राशि में से 4.60 करोड़ रुपए का उपयोग भवन निर्माण और यात्रा व्यय में किया गया है।

ईडी के आदेश में उल्लेख है कि कवासी लखमा ने अपराध की आय जानबूझकर प्राप्त, अर्जित, कब्जा एवं उपयोग की है, जिसे शराब घोटाले से अर्जित किया गया था। इस धनराशि को वैध धन दिखाने के लिए प्रयत्न किए गए तथा शेष धन को छिपाया गया ताकि प्रवर्तन एजेंसियां इसका पता न लगा सकें।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कवासी लखमा ने रायपुर के पुरैना स्थित विधायक कॉलोनी में 375 वर्गमीटर (4035 वर्गफुट) भूमि छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड से लगभग चार लाख में खरीदी थी, जिसका वर्तमान सरकारी सर्किल दर के अनुसार मूल्य 93.75 लाख आंका गया है। ईडी आदेश के अनुसार, रायपुर की संपत्ति का 100 प्रतिशत भूमि और 71.33 प्रतिशत निर्मित भवन तथा शेष 28.67 प्रतिशत भवन का क्षेत्रफल अपराध से अर्जित आय के बराबर मूल्य के रूप में अटैच किया गया है।

इसी तरह सुकमा स्थित संपत्ति का 85 प्रतिशत क्षेत्रफल अपराध की आय से बनी होने के कारण जब्त किया गया है। ईडी के आदेश में कहा गया है कि इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त करना पूरी तरह उचित है।

## गोडकटवा के नाला से सिंचाई, रोजगार और आय में ग्रामीणों को हो रहा है इजाफा

### ग्रामों के किसानों को मिल रहा है सीधा लाभ





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** एस. जयवर्धन के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल के रूप में गोडकटवा नरवा का संवर्धन कार्य संपन्न हुआ। जनपद पंचायत प्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौरा, दरहोरा, देवरी, पकनी एवं सेमई में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत यह कार्य 58.81 लाख रुपये की स्वीकृत लागत से पूर्ण किया गया।

गोडकटवा नाला, जो कि एक बारहमासी जल स्त्रोत है, अब ग्रामीणों के लिए केवल जल का स्त्रोत नहीं, बल्कि आजीविका और समृद्धि का साधन बन चुका है। जल संरक्षण की दिशा में किए गए इस कार्य के अंतर्गत ब्रशवुड, मिट्टी बांध, गली प्लग और बोल्डर चेक डैम जैसे कुल 64 संरचनात्मक कार्यों में 285 स्थायी स्ट्रक्चर का निर्माण किया गया। इस सम्पूर्ण कार्य में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी, श्रमदान एवं मेहनत का विशेष योगदान रहा है।

इस परियोजना के क्रियान्वयन से चंदौरा से लेकर सेमई तक के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। लगभग 50 एकड़ से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो गई है, जिससे कृषकों को रबी एवं खरीफ दोनों मौसमों में अच्छी फसल प्राप्त हो रही है। इतना ही नहीं, अब किसान गर्मियों में भी गेहूं, उड़द, तथा हरी सब्जियों की खेती कर रहे हैं। इससे न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, बल्कि बाजार पर निर्भरता घटने से परिवारों को आर्थिक बचत भी हो रही है।

गोडकटवा नरवा का जल स्तर अब इतना समुचित हो गया है कि स्थानीय कृषकों ने उसमें मछली पालन की शुरुआत भी कर दी है। इससे ग्रामीणों को अतिरिक्त आमदनी का एक नया स्त्रोत प्राप्त हुआ है। एक किसान ने बताया कि धान की बालियों के समय जब सिंचाई जल की अत्यधिक आवश्यकता होती है, तब गोडकटवा नरवा उनके लिए जीवनदायिनी धारा बनकर खड़ा होता है। धारा प्रवाह जल के चलते अब फसलें अधिक स्वस्थ, हरी-भरी एवं भरपूर हो रही हैं।

मनरेगा के तहत हुए इस कार्य से न केवल जल संसाधनों का विकास हुआ है, बल्कि बड़ी संख्या में ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। इससे ग्रामवासियों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन देखा गया है।

इस सम्पूर्ण परियोजना ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सही दिशा-निर्देशन, समुदाय की सहभागिता और योजनाबद्ध क्रियान्वयन हो, तो जल संरक्षण के माध्यम से ग्रामीण जीवन में समृद्धि लाई जा सकती है। गोडकटवा नाला का यह विकास कार्य अब संपूर्ण जिले में जल प्रबंधन और ग्रामीण पुनरुत्थान का एक अनुकरणीय मॉडल बन चुका है।

## मजबूत विवेचना में भले लग रहा हो समय किन्तु पीड़ित को न्याय दिलाने में हो रहा कारगर-डीआईजी






### नवीन कानूनों के प्रशिक्षण सत्र में अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** नए कानूनों के क्रियान्वयन में पुलिस तत्परता से कार्य कर रही है, कई कार्यवाहियों में डिजिटल एविडेंस, विडियोग्राफी, फोटोग्राफी सहित अन्य कार्यो में मजबूत विवेचना के लिए समय जरूर लग रहा है किन्तु वह पीड़ित को न्याय दिलाने में सार्थक साबित हो रहा है। अपराध की विवेचना में पुलिस के साथ ही प्रशासन के विभागों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सभी के समन्वय से साक्ष्य संकलन कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश करने से दोषसिद्धि शत-प्रतिशत होगी है, उक्त बाते डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने शुक्रवार, 13 जून 2025 को नवीन कानूनों के प्रशिक्षण सत्र के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि नए कानून की जानकारी हर किसी को होनी चाहिए, व्यक्ति को अपने अधिकार और सुरक्षा के लिए बनाए गए नए कानूनों की जानकारी होगा तो कहीं भी पीछे नहीं रहेगा। इन प्रशिक्षणों का उद्धेश्य सभी को नवीन आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाना है।


कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन के द्वारा पुलिस विभाग द्वारा आयोजित नवीन आपराधिक कानूनों के प्रशिक्षण में जिले के सभी विभाग प्रमुखों, अधिनस्थ सभी कर्मचारियों को सम्मिलित होकर प्रशिक्षण लेने के निर्देश भी जारी किए है। प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, मास्टर्स ट्रेनर एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी रितेश चौधरी, एसआई विराट विशि ने नवीन कानूनों, अपराध विवेचना एवं नए बदलाव के बारे में विस्तार से बताया। शुक्रवार को प्रशिक्षण में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, परियोजना, उप पंजीयक, श्रम, रेशम सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस विभाग के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला पुलिस की नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान ''नवजीवन'' के तहत प्रशासन-पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने संकल्प दिलाया कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने, अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, मन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत् सम्पर्क कर उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित करूंगा।

## खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत राज्य खेल अंलकरण पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जून

**बालोद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग राज्य खेल अंलकरण पुरस्कार हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2023-24 में एवं वर्ष 2024-25 में जिन खिलाडियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे पदक प्राप्त किया है ऐसे खिलाड़ी जिला कार्यालय एवं अपने खेल संघो आवेदन फार्म प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि 26 जून 2025 तक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर अथवा कार्यालय खेल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित खेल एवं युवा कल्याण बालोद में कार्यालयीन समय में अपना आवेदन निर्धारित दस्तावेज सहित जमा कर सकते है। इसी प्रकार उक्त वर्षों में खेल वृत्ति (डाईट मनी) के लिये जिन खिलाड़ियों ने अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हो खेलवृत्ति हेतु आवेदन कर सकेंगें। उन्होंने बताया कि खेलवृत्ति हेतु अधिकतम आयु 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खेल संघो से प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा वर्ष 2023-24 में एवं वर्ष 2024-25 मे अर्जित की गई उपलब्धि के लिए प्रेरणा निधि के आवेदन जिला कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकेंगें। इसके साथ ही खिलाड़ी को एक से अधिक अलंकरण, सम्मान हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी खेल विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जुनियर वर्ग के उन खिलाडियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा जुनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 05 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला, पुरुष खिलाडियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों, निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किये जाने हेतु विचार किया जाए, उन्हें शहीद विनोद चैबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है। पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किये गये है, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है।

## मंगल भवन में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार, )-** विगत दिवस मंगल भवन सूरजपुर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन, डीप्टी कलेक्टर श्री सुनील अग्रवाल, श्री भीमसेन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष फुटबॉल संघ व पूर्व अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम, श्री अनिल गोयल, जिलाध्यक्ष बैंडमिंटन संघ श्रीमती सुमित्रा सिंह सरपंच रूनियाडिह, श्रीमती वेनेदिक्ता तिर्की, उप संचालक, समाज एवं महिला कल्याण विभाग उपस्थिति में किया गया। खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जाना था। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 10 खेल विधा जैसे कबड्डी, खो-खो, वॉलीबाल, फुटबॉल, ताईक्वांडो, वुशू, कराटे, बैडमिंटन, एथलेटिक्स व स्विमिंग का प्रतिदिन प्रात: 6 से 8 एवं सायं 5 से 7 बजे तक नि:शुल्क प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षकों के माध्यम से दिया गया। जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर में कुल 353 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर सभी खेल विधाओं के प्रशिक्षकों जिसमें स्विमिंग के प्रशिक्षक वेद राजवाड़े व राज देवांगन, कबड्डी के प्रशिक्षक सहदेव राम रवि व सीमांचल त्रिपाठी वॉलीबॉल के प्रशिक्षक राजनाथ गुप्ता, व भागीरथी, खो-खो के प्रशिक्षक बालेन्द्र साहू, वुशू के प्रशिक्षक लालजी यादव, कराटे के प्रशिक्षक निमेश, बैडमिंटन के प्रशिक्षक सोमेश लामा, फुटबॉल के प्रशिक्षक राम बहादुर लामा व प्रकाश गुप्ता, एथलेटिक्स के प्रशिक्षक नरेश कुशवाहा व अशलेश कुमार को कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन एवं डिप्टी कलेक्टर सुनील अग्रवाल द्वारा सेवा सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें स्विमिंग से निलेश राजवाड़े व फ्लक मनसुरी, कबड्डी से अभिषेक विश्वकर्मा व फुलकुवंर, वॉलीबाल से बादल देवांगन व लक्ष्मी राजवाड़े, खो-खो से कान्हा गुप्ता व इशिका कुजूर, ताईक्वांडो से कृश राजवाड़े व लक्ष्मी ताम्रकर, वुशू से युराज यादव व दिक्षा सिंह, कराटे से भरत आंडिल्य व रिता सिंह, बैडमिंटन से अभिनव निगम व तेजस्विनी सिहं, फुटबॉल से संदिप व कु.सौम्या राजवाडे तथा एथलेटिक्स से हिमेष राजवाड़े व पायल राजवाड़े को प्रशिक्षण शिविर के दौरान अनुशासन में रहकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं टी-शर्ट से सम्मानित किया गया तथा शेष समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ताईक्वांडो के खिलाड़ियों द्वारा खेल का प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसे अतिथियो ने सराहना की तथा इस दौरान माईक संचालन श्री सीमांचाल त्रिपाठी तथा आभार प्रदर्शन खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफ्लतापूर्वक संचालन में श्री मोतीलाल सिंह, श्रीमती सुनैना जायसवाल, राजलाल प्रजापति, महेंद्र सिंह प्रकाश गुप्ता सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, एस.ई.सी.एल., शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका सूरजपुर, समस्त खेल संघ आदि का विशेष सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार आशिक खान की पत्नी शोक लंबी बीमारी के बाद समीना बानो का निधन



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** सूरजपुर जिले के रामानुजनगर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत परशुरापुर निवासी व वरिष्ठ पत्रकार आशिक खान की धर्म पत्नी समीना बानो का निधन हो गया है, वे लम्बे समय से अस्वस्थ चल रही थी जिनका उपचार रायपुर स्थित भीमराव अम्बेडकर हॉस्पिटल मेकाहारा केंसर वार्ड मे उपचार चल रहा था। आज तड़के सुबह पांच बजे उन्होंने अंतिम सांसे लीं वे अपने पीछे एक पुत्री एक पुत्र सहित बिखलता हुआ परिवार छोड़ गई है, आज अंतिम संस्कार व सुपुर्द खाक परशुरामपुर के कब्रिस्तान मे किया गया।

### किसानों को नकली खाद बिक्री करने वाले दुकानदार पर हो करवाई नहीं तो करेंगे आंदोलन- पंकज तिवारी



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** जिला पंचायत के पूर्व सदस्य पंकज तिवारी ने कलेक्टर सूरजपुर को लिखित शिकायत करते हुए कहा कि विश्रामपुर के जयनगर में संचालित लक्ष्मी ट्रेडर्स नाम के दुकान से भारी मात्रा में नकली खाद बनाने की शिकायत पर कृषि विभाग और राजस्व अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर के संयुक्त टीम के द्वारा छापेमारी में भारी मात्रा में नकली खाद पाए जाने की पुष्टि की थी,संचालक के पास 47.750 टन खाद की पर्ची थी जबकि स्टॉक में 22.700 टन मौजूद था, वहीं विभिन्न कंपनियों के 9000 से अधिक खाली बोरे भी बरामद किए गए हैं, लक्ष्मी ट्रेडर्स में पाए जाने वाले खाद के बोरियों में ना कोई बैच नं. था ना ही लॉट नं. पोटास में भी भारी मात्रा में मिलावट की खबर रही है,खेती शुरू होने को है ऐसे में किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ दुर्भाग्यजनक है,इतने संवेदनशील मामले में प्रशासन की खामोशी समझ से परे है, लक्ष्मी ट्रेडर्स के संचालक पर आवश्यक वस्तु अधिनियम एक्ट 1955 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाना चाहिए,यदि प्रशासन की कार्यवाही करने में कोताही बरतती है तो मैं न्यायालय के शरण में जाने और किसानों के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य रहूंगा।

### एस पी प्रशांत कुमार ठाकुर ने ली जनरल परेड की सलामी, अधिकारी व जवानों को फिटनेश पर ध्यान देने के निर्देश

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** सूरजपुर पुलिस लाईन में आयोजित जनरल परेड की सलामी एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने ली और उन्होंने निरीक्षण के दौरान जवानों के वेशभूषा को देखा। अच्छे वेशभूषा और बेहतर परेड़ कमाण्ड करने वाले 56 जवानों को पुरस्कृत किया साथ ही टर्न आउट ठीक नहीं होने पर 03 को सजा एवं 7 को चेतावनी दी। स्क्वार्ड ड्रिल के लिए प्रत्येक टोली को परेड कराने की जिम्मेदारी डीएसपी व एसडीओपी को सौंपी गई जिन्हें बेहतर कमाण्ड के साथ परेड़ कराया। डीआईजी व एसएसपी ने पुलिस जवानों से चर्चा कर कहा कि आमजनता की सेवा और सुरक्षा करने के लिए हमें फिट रहना होगा तभी हम अच्छे से ड्यूटी कर पायेंगे, फिटनकेश के लिए परेड एक अच्छा माध्यम है। विभागीय दायित्वों के साथ ही खुद की फिटनेश के लिए थोड़ा समय दें और नियमित रूप से हेल्थ चेकअप कराते रहे। इस दौरान उन्होंने जवानों की समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, डीएसपी अनूप एक्का, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, जिले के थाना-चौकी प्रभारी सहित विभिन्न थाना-चौकी व रक्षित केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### 15 जून को समस्त स्कूल बसों का किया जायेगा निरीक्षण

सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार)-नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए आगामी 16 जून से स्कूल प्रारंभ हो रहा हैं। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देश के परिपालन में 16 बिन्दुओं की शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु स्कूल बसों की जांच की जानी हैं। स्कूल में संचालित समस्त स्कूल बसों को 16 बिन्दुओं के आधार पर निरीक्षण कराने एवं वाहन के समस्त मूल दस्तावेज, चालक अनुज्ञप्ति सहित 15 जून दिन रविवार को प्रात: 10 बजे से जिला परिवहन कार्यालय सूरजपुर में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

दैनिक
विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर शनिवार 14 जून 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com




# संपादकीय

## तथ्यों को दबाना संभव नहीं

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में जो कहा है वह सबकी आंखें खोल देने वाला है। इससे साबित होता है कि जब दो देशों के बीच छिटपुट सैन्य संघर्ष की स्थिति हो तो ऐसे में असत्य अवधारणाओं और समर्थक मीडिया के सहारे ही बढ़त नहीं ली जा सकती। तथ्यों को दबाना संभव नहीं होता और वे किसी न किसी रास्ते बाहर आ ही जाते हैं। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिये एक साक्षात्कार में जनरल चौहान ने पड़ोसी देश के साथ चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष में साफ ब्योरा न देते हुए भारतीय पक्ष को हुए नुकसान की एक तरह से स्पष्ट स्वीकारोक्ति की है। उनका कहना था विमान गिरे यह महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्यों गिरे यह जानना जरूरी है। प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया, लंबी दूरी का लक्ष्य कर अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में काफी अंदर तक सटीक हमले किए जिससे पाक संघर्ष विराम की गुहार लगाने पर मजबूर हुआ। हालांकि उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे को 'सरासर गलत' बताया। जनरल चौहान की टिप्पणी से वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती की उस बात को भी बल मिला कि 'नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है।' भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छह मई की देर रात 'ऑपरेशनसिंदूर के तहत ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल जैसी लंबी दूरी की मिसाइल का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकियों के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। हमले के बाद चार दिन तक सैन्य टकराव हुआ। दोनों देशों के बीच दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। इस सारे मामले में विपक्ष और देशवासियों को सही तथ्यों से अनभिज्ञ रखने की केंद्र सरकार की नीति सवालों के घेरे में है। अमेरिका के बड़बोले राष्ट्रपति के भारत-पाक में सीजफायर कराने के दावों ने पहले हास्यास्पद स्थिति पैदा की हुई है। वायु सेना प्रमुख की हाल में रक्षा उपकरणों को लेकर किए गए वादों को समय से पूरा न करने संबंधी टिप्पणी भी चिंताजनक है। सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी ने सरकार से कहा है कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। पार्टी ने 1999 में करगिल समीक्षा समिति के गठन की तर्ज पर समीक्षा समिति का सवाल उठाया है। रक्षा विशेषज्ञ 'उपयुक्त युद्ध सामग्री नहीं होने के कारण' सैन्य संघर्ष की पहली रात नुकसान होने की बात कह रहे हैं।

# पाकिस्तान की बढ़ती आर्थिक मुश्किलें.....

**डा. जयंतीलाल भंडारी**



भारत ने अटारी लैंड-ट्रांजिट पोस्ट को भी बंद कर दिया है। इस पोस्ट का इस्तेमाल दोनों देशों के बीच सामानों की आवाजाही के लिए किया जाता रहा है। यदि हम भारत और पाकिस्तान के कारोबार को देखें तो पाते हैं कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच भारत ने पाकिस्तान को 447.65 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया और भारत ने इस दौरान पाकिस्तान से 0.42 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया इन दिनों पाकिस्तान आर्थिक खस्ताहाल स्थिति के बीच एक के बाद एक नए विदेशी कर्ज लेते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की विकास दर महज 2.6 फीसदी है। राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती महंगाई और खराब विदेशी कर्ज हालात जैसे कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को लगातार पीछे कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और पाकिस्तान खस्ताहाल है। मोदी ने पाकिस्तान को चेतावनी भी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान भारत में आतंक का निर्यात जारी रखता है, तो उसे आर्थिक रूप से बर्बाद होना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस समय ऑपरेशन सिंदूर से लस्त-पस्त पाकिस्तान को भारत पानी की कूटनीति और आर्थिक दबाव व आर्थिक प्रतिबंधों की रणनीति से पूरी तरह पस्त करने की डगर पर लगातार आगे बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि भारत के द्वारा पहलागाम आतंकी हमले के बाद विगत 23 अप्रैल से स्थगित किए गए सिंधु जल समझौते ने पाकिस्तान में भूचाल ला दिया है। इतना ही नहीं भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बैराज के माध्यम से पानी के प्रवाह को रोक दिया है। साथ ही झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध के माध्यम से भी इसी तरह के कदम उठाने की रणनीति बनाई जा रही है। ऐसे में पानी के मुद्दे पर पाकिस्तानी संसद से लेकर सेना तक में बेचैनी देखी जा रही है। पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने संसद में कहा कि अगर हम पानी का मुद्दा सुलझा नहीं पाए, तो भूखे मर जाएंगे। सिंधु बेसिन ही हमारी लाइफलाइन है। 90 प्रतिशत खेती इस पानी पर निर्भर है। यह पाकिस्तान पर मंडरा रहा वॉटर बम है, जिसे निष्क्रिय करना होगा। वस्तुत: 20वीं सदी की जंग तेल पर थी, 21वीं सदी की जंग पानी पर होगी और पाकिस्तान इस समय दुनिया के पानी की कमी वाले शीर्ष देशों में शामिल है। ऐसे में इस बीच जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 27 मई को तेहरान में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि हम भारत के साथ सिंधु जल संधि समझौते सहित सभी मुद्दों पर वार्ता के लिए तत्परता से तैयार हैं, तब पूरी दुनिया में हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किया गया यह संकल्प गुंजित हो रहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। पहले भारत के हक का पानी भी भारत से बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा। भारत के हक में रुकेगा और भारत के ही काम में आएगा। संदेश साफ है कि अब भारत इस पर कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही इस परिप्रेक्ष्य में विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि सिंधु जल संधि में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की भूमिका सिर्फ मध्यस्थ की है और वह भारत की ओर से संधि के निलंबन पर कोई दखल नहीं देगा। उल्लेखनीय है कि इस समय सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चूंकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है, अतएव पानी संकट से परेशान पाकिस्तान लगातार भारत से गुहार लगा रहा है। 6 जून तक पाकिस्तान ने भारत को चार पत्र लिखकर इस फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। दूसरी तरफ भारत ने जल संधि को निलंबित करने के फैसले के पीछे सीमा पार आतंकवाद को कारण बताया है। साथ ही जल परियोजनाओं को लेकर भी कुछ तकनीकी आपत्तियां हैं। निश्चित रूप से भारत पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों के कठोरतापूर्वक परिपालन की डगर पर भी तेजी आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत पाकिस्तान को फायनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में वापस लाने की तैयारी कर रहा है। भारत ने हाल ही के दिनों में वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ को इस संबंध में जानकारी दी है। यह निर्धारित किया गया है कि भारत की तरफ से एफएटीएफ को एक विस्तृत डोजियर भेजा जाएगा जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फंडिंग में शामिल संस्थाओं और लोगों के सबूत होंगे और एफएटीएफ से अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। जून 2025 में एफएटीएफ की संभावित बैठक में भारत के अधिकारी शामिल होंगे और इस मुद्दे को उठाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि पाकिस्तान को पहली बार 2008 में ग्रे लिस्ट में डाला गया था और उसके बाद पाकिस्तान कभी ग्रे लिस्ट से बाहर हुआ और फिर ग्रे लिस्ट में शामिल किया गया है। पिछली बार एफएटीएफ ने अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से हटा दिया था। हालांकि तब पाकिस्तान को चेतावनी दी गई थी कि काउंटर फाइनेंसिंग ऑफ टेररिज्म सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए एशिया पैसिफिक ग्रुप के साथ काम करना जारी रखेगा। ऐसे में यदि अब फिर एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल किया जाता है तो यह पाकिस्तान के लिए बड़ा आर्थिक दबाव होगा। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में इस समय जो आर्थिक और महंगाई की चुनौती बढ़ती जा रही है, उसके पीछे एक खास कारण यह है कि विगत 3 मई को भारत के द्वारा पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। पाकिस्तान में तैयार हुए या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात और पाकिस्तान को सभी प्रकार के निर्यात पर रोक लगी हुई है। यहीं नहीं, जहां पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, वहीं भारतीय ध्वज वाले जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जा रहे हैं। सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं के आदान-प्रदान को निलंबित कर दिया है। यह निर्णय हवाई और जमीनी दोनों मार्गों पर लागू हुआ है। यह निर्णय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करते हुए दिखाई दे रहा है, क्योंकि भारत से आयातित कई वस्तुओं का परिवहन डाक सेवाओं के माध्यम से भी किया जाता है। भारत ने अटारी लैंड-ट्रांजिट पोस्ट को भी बंद कर दिया है। इस पोस्ट का इस्तेमाल दोनों देशों के बीच सामानों की आवाजाही के लिए किया जाता रहा है। यदि हम भारत और पाकिस्तान के कारोबार को देखें तो पाते हैं कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच भारत ने पाकिस्तान को करीब 447.65 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया और भारत ने इस दौरान पाकिस्तान से मात्र 0.42 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया। जहां भारत पाकिस्तान पर लगाए गए कारोबार प्रतिबंध से प्रभावित नहीं हुआ है ।

और भारत में मई माह में महंगाई घटी है, वहीं पहले से ही कर्ज में डूबे पाकिस्तान में महंगाई नियंत्रण से बाहर हो गई है। इसके चलते पाकिस्तान में आटा, दाल, चीनी, तेल और महंगे हो गए हैं। पाकिस्तान में फल और सब्जियों के दाम भी आसमान पर हैं। हम उम्मीद करें कि पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने के बाद अब भारत निश्चित रूप से पाकिस्तान को पानी की कूटनीति और आर्थिक दबाव व आर्थिक प्रतिबंधों की रणनीति से सफलतापूर्वक पस्त करते हुए दिखाई देगा।

## आलेख

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य.....

**अवधेश कुमार**

हमारे सामने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य हैं। विदेश गए सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने इस तरह भारत का पक्ष प्रस्तुत किया जैसे देश पाकिस्तान केंद्रित सीमा पार आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पूरी तरह एकजुट है और कोई विपक्ष है ही नहीं। दूसरी ओर आप पहलगाम हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और उसके बाद देश के अंदर विपक्ष की भूमिका देखिए, किसी भी देशभक्त और सच्चाई का ज्ञान रखने वाले निष्पक्ष व्यक्ति का दिल दहल जाएगा या फिर उसको गुस्सा आएगा। ऐसा कोई दिन नहीं जब विपक्ष के बड़े नेता 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश नहीं कर रहे। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले दिन से प्रश्न उठा रहे हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान को नुकसान हुआ। लगभग यही स्वर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का है। जयराम रमेश ने तो लगता है जैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' को ही अपने सोशल मीडिया का मुख्य विषय बना दिया है। सबसे अंतिम हमला सिंगापुर शंग्रीला सम्मेलन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के भाषण और ब्लूमबर्ग को दिए साक्षात्कार पर है। सभी नेता एक साथ टूट पड़े हैं कि अब सरकार बताए कि कितने राफेल नष्ट हुए, इस पर संसद का विशेष सत्र बुलाएं तथा रिव्यू कमेटी यानी पुनरीक्षण समिति बनाया जाए। इसमें यहां विस्तार से जाने की आवश्यकता नहीं है। सीडीएस का पूरा इंटरव्यू सबके सामने है। उसमें कहीं नहीं है कि पाकिस्तान ने हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराए या हमें कोई बड़ी क्षति हुई। यह सामान्य बात है कि कोई भी युद्ध या लड़ाई एकपक्षीय क्षति वाली नहीं होती। यही सीडीएस ने कहा है। किसी को ज्यादा क्षति होगी किसी को कम। मूल बात यह है कि भारत ने पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस का ऐसा करारा प्रत्युत्तर दिया, जिससे उसकी हुई व्यापक क्षति के बारे में दुनिया के विशेषज्ञ बता रहे हैं और उनसे संबंधित उपग्रह के चित्र आदि सामने ले जा चुके हैं। कई बार लगता है कि हम सरकार को घेर रहे हैं सेना और देश को नहीं। किंतु इसका दूसरा पहलू यही है कि सरकार निर्णय करती है क्रियान्वित सेना करती है। सेना सरकार के लिए नहीं देश के लिए सैन्य कार्रवाई करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में सरकार ने यह तय नहीं किया होगा कि सेना कैसे कार्रवाई करे कि हथियार, लड़ाकू विमान, मिसाइल, राडार आदि का प्रयोग करें या कितने जवान उनमें लगें। जिस तरह पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री सीडीएस, तीनों सेना के प्रमुखों से लेकर विदेश मंत्री, उनसे जुड़े मंत्रालय, रक्षा मंत्री, मंत्रालयों के अधिकारी एवं अन्य अलग-अलग आवश्यक क्षेत्र के शीर्ष लोगों से मिल रहे थे उससे साफ था की रणनीति पर गहराई से विचार हो रहा है। निश्चित रूप से सैन्य रणनीतिकारों ने अपनी पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें आस्त किया होगा या फिर उनकी जो आवश्यकता होगी उसके बारे में बात की होगी। सरकार यानी राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका साहसपूर्वक निर्णय करने के साथ सेना को कार्रवाई और रणनीति की संपूर्ण स्वतंत्रता देना तथा अपने व्यवहार एवं कदमों से आस्त करना कि कार्रवाई में किसी तरह की आवश्यकता में कमी नहीं होगी। कहने का तात्पर्य कि पाकिस्तान की सैन्य प्रतिक्रियाओं का उत्तर हमारी सेना दे रही थी। यह भी सच है कि टकराव शुरू होने के बाद विदेश के प्रमुख नेताओं ने राजनीतिक नेतृत्व से ही संपर्क किया होगा। सरकार की ओर से अमेरिकी उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदि ने कब-कब किसे कॉल किया इसका भी विवरण देश के सामने रखा जा चुका है। ट्रंप के भी वक्तव्य में क्या है? हमने दोनों देशों को समझाया..उन्हें कहा कि आपके साथ पूरा ट्रेड करेंगे..दोनों देश के नेताओं ने बुद्धिमता का परिचय दिया..हमने दो न्यूक्लियर यानी नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय टकराव रोका आदि आदि। इसी में एक जगह उन्होंने किसी तटस्थ स्थान पर मध्यस्थता में बातचीत कराने का भी वक्तव्य दे दिया। यह बात अलग है कि अपनी मध्य पूर्व यात्रा के दौरान उन्होंने बोल दिया कि हमने कोई मध्यस्थता नहीं की। सामान्य तौर पर भी जिन्होंने भारत के वक्तव्यों पर ध्यान दिया होगा उन्हें स्पष्ट है कि हमारे स्टैंड में किंचित भी अस्पष्टता नहीं थी।

# चुप्पी से सुरक्षा तक:मोदी सरकार के शासन में कानूनी सुधारों ने महिला सुरक्षा को नया रूप दिया गया..........

**सुश्री सावित्री ठाकुर**

2012 में क्रूर निर्भया कांड ने देश की अन्तरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा में भारत के कानूनी और प्रशासनिक ढांचे की गहरी कमियों को भी उजागर कर दिया था। अपर्याप्त पुलिस व्यवस्था, धीमी न्यायिक प्रक्रिया, पुराने पड़ चुके कानून और पीड़ितों के ना-काफी सहायता इंतजाम निराशाजनक तस्वीरें पेश कर रहे थे। 2014 तक, भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा था। जनता में जबरदस्त आक्रोश था। लेकिन कानूनी तंत्र सुस्त पड़ा था। फास्ट ट्रैक कोर्ट महज एक अवधारणा थी, वास्तविकता नहीं। कोई एकल समाधान और केंद्र नहीं थे, कोई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नहीं थी, जांच तेज़ करने के लिए कोई फोरेंसिक (न्यायालयिक विज्ञान जांच) सहायता नहीं थी और इन उपायों के संचालन के लिए कोई समर्पित निधि भी नहीं थी। महिलाओं के मुद्दों को सामाजिक सरोकारों के तौर पर देखा जाता था-राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के रूप में नहीं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों के शासन में सुस्त आंशिक प्रतिक्रिया की जगह अब कानूनी सुधार, संस्थानों के दायित्वपूर्ण रवैये और हर महिला के सम्मान से संबंधित दृष्टिकोण को मिशन-मोड में अपनाते हुए व्यापक बदलाव किया है।

### कानूनी सुरक्षा, अब राष्ट्रीय प्रतिबद्धता

सरकार ने देश भर में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए स्थापित विशेष न्यायालय) की स्थापना की शुरुआत की और आज ऐसी 745 अदालतें क्रियाशील हैं। इनमें 404 विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों को निपटाती हैं। वर्ष 2014 की तुलना में जब वन स्टॉप सेंटर (शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं की सहायता और निवारण संबंधी केंद्र) अस्तित्व में नहीं थे, अब 820 से अधिक जिलों में ये पूरी तरह कार्यान्वित हैं जो हिंसा से प्रभावित किसी भी महिला को एक ही स्थान पर कानूनी सहायता, पुलिस हस्तक्षेप, आश्रय और परामर्श प्रदान करते हैं। इस पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्से के रूप में आरंभ की गई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन 181 ने हर दिन चौबीसों घंटे 86 लाख से अधिक महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, देश भर में 14,600 से अधिक पुलिस स्टेशनों (पुलिस थाने) में अब महिला हेल्प डेस्क स्थापित हैं, जिनमें महिला अधिकारी मौजूद हैं। यह महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध की स्थिति में पहले बरते जाने वाली उदासीनता या यहां तक कि आक्रामकता के माहौल की अपेक्षा अधिक संवेदनशीलता और सहायता प्रदान करने के माहौल में बदल गए हैं। निर्भया कोष के ज़रिए सरकार ने वर्ष 2014 से पहले की ढुलमुल प्रतिक्रिया प्रणाली की तुलना में अब महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा पर केंद्रित 50 से ज़्यादा बड़ी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है।


### प्रगतिशील कानूनी संशोधन

आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 में कुछ आवश्यक सुधारों से शुरुआत के बाद अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और 2023 में संबंधित कानूनों के व्यापक संहिताबद्ध किए जाने से औपनिवेशिक युग के आपराधिक न्यायशास्त्र की जगह अब भारतीय संदर्भ में कानून परिभाषित किए गए हैं। नए कानूनों में महिलाओं के विरूद्ध सभी अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है। पीड़ित के बयानों को वीडियो-रिकॉर्ड किया जाना अनिवार्य बनाया गया है जिसमें संवेदनशीलता बरतने के लिए महिला मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बयान दर्ज कराने को प्राथमिकता दी गई है। डिजिटल स्टॉकिंग (डिजिटल माध्यम से पीछा करना), वॉयरिज्म (रति क्रिया छुपकर देखना) और शादी के झूठे वादे कर शारीरिक शोषण जैसे अपराधों को पहली बार आपराधिक बनाया गया है। कानूनी प्रणाली में अब तेजाब हमलों, मानव तस्करी, सामूहिक बलात्कार और हिरासत में यौन हिंसा के विरूद्ध कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, बलात्कार पीड़िता को प्राथमिकी दर्ज करने या आपातकालीन चिकित्सा देखभाल प्रदान न करना भी अपराध माना गया है। पुराने संरक्षणवादी प्रतिबंधों को हटाते हुए महिलाओं को अब कानूनी रूप से किसी भी क्षेत्र में और किसी भी समय काम करने की अनुमति है, जो उनके खुद निर्णय लेने की आजादी की पुष्टि करते हैं। महत्वपूर्ण प्रक्रियागत सुधार भी किए गए हैं जिनमें गवाहों की सुरक्षा और डिजिटल साक्ष्यों को मंजूरी देना शामिल है। यौन हिंसा के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को यह पुनर्परिभाषित करता है। ये सभी केवल संशोधन भर नहीं हैं - ये पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रणाली को पुन:स्थापित करते हैं।

# मेक इन इंडिया' इलेक्ट्रिक कारों का भविष्य

**डा. अश्विनी महाजन**

ऐसे में देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का घरेलू उत्पादन बढना हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है। विदेशी कंपनियां भारत में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं, इसका एक और कारण यह है कि टाटा और महिंद्रा जैसी घरेलू कंपनियां अपने विदेशी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बहुत कम लागत पर इलेक्ट्रिक वाहन बना रही हैं इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग से वायु प्रदूषण को बड़ी हद तक कम किया जा सकता है, क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन लगभग न के बराबर होता है। कई बार यह भी कहा जाता है कि जिस बिजली का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी को चार्ज करने के लिए किया जाता है, यदि वो कोयले या गैस से बनती है तो अप्रत्यक्ष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन कुछ हद तक और भी ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन करते हैं। यह भी सही है कि ईवी वाहनों के निर्माण के समय भी जरूर कुछ हद तक प्रदूषण फैलता है, लकिन यदि ईवी वाहनों के कुल जीवन को देखा जाए तो पेट्रोल, डीजल, गैस आदि से चलने वाले वाहनों के मुकाबले इलेक्ट्रिक वाहनों में कहीं कम ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन होता है। इसीलिए घनी आबादी वाले शहरों में, जहां वाहनों से आने वाला धुआं बड़ी मात्रा में हवा को प्रदूषित करता है, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग शहरों को अधिक स्वस्थ और रहने योग्य बनाने में सहायक हो सकता है। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन के साथ यदि नवीकरणीय स्त्रोतों से भी बिजली का उत्पादन हो, स्मार्ट ग्रिड का विकास हो और स्वच्छ बैटरी उत्पादन और उनकी रीसाईकलिंग की भी व्यवस्था भली भांति की जाए तो शहरों की हवा को ठीक करने में इलेक्ट्रिक वाहनों का बड़ा योगदान हो सकता है। इसलिए दिल्ली और अन्य महानगरों के वातावरण को बेहतर करने और उन्हें रहने योग्य बनाने में इलेक्ट्रिक वाहनों का बड़ा महत्व है। लेकिन इसके साथ ही साथ यह भी जरूरी है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में देश आत्मनिर्भर भी बने। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक 250 बिलियन डॉलर का हो सकता है। 2021 में बाजार का मूल्य 1.45 बिलियन डॉलर और 2022 में 3.21 बिलियन डॉलर था। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार तेजी से बढ़ रहा है। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले साल ईवी की बिक्री दस लाख का आंकड़ा पार कर गई और 2030 तक यह संख्या 170



लाख यूनिट तक पहुंचने की उम्मीद है। बाजार में तेजी के रुझान के साथ, देश के अधिकांश कार निर्माताओं ने अपने कुछ सबसे ज्यादा बिकने वाले वर्तमान मॉडल को इलेक्ट्रिक वर्जन में बनाना भी शुरू कर दिया है। काफी समय से इस बात पर विवाद चल रहा था कि अमरीकी कंपनी टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण करेगी या नहीं। टेस्ला उनकी कारों पर भारत में आयात शुल्क में कमी के लिए पैरवी कर रही थी। उनका तर्क था कि वे अपनी इलेक्ट्रिक कारों को लाकर भारतीय बाजारों को परखना चाहते हैं और इसलिए वे भारत में अपनी स्थिति को परखने के लिए आयात शुल्क में छूट की मांग कर रहे हैं। हालांकि, कंपनी के इस ढुलमुल रवैये से भारत में विनिर्माण सुविधाएं शुरू करने के उनके वास्तविक इरादे पर संदेह पैदा हो रहा था। लेकिन अब यह लगभग स्पष्ट हो गया है कि कंपनी भारत में अपनी टेस्ला कार का विनिर्माण शुरू करने में रुचि नहीं रखती है। हाल ही में भारत में ईवी नीति की घोषणा करते हुए सरकार ने भी यह संकेत दिया है कि टेस्ला कंपनी देश में अपनी कारों का विनिर्माण करने में रुचि नहीं रखती है। सरकार ने इस बीच भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण को प्रोत्साहित करने वाली नीति पेश की है। हालांकि नई ईवी नीति 15 प्रतिशत की रियायती टैरिफदर पर इलेक्ट्रिक कारों के आयात की भी अनुमति देती है, लेकिन आयातित कारों की कुल संख्या पर 8000 कारों की सीमा है, जिसके बाद आयात शुल्क 115 प्रतिशत तक जा सकता है। नीति में 35000 डॉलर से अधिक कीमत वाली किसी भी आयातित इलेक्ट्रिक कार पर शुल्क में कटौती की पेशकश की गई है, बशर्ते निर्माता तीन साल के भीतर स्थानीय संयंत्र स्थापित करने के लिए कम से कम 42500 करोड़ रुपए या लगभग 500 मिलियन डॉलर का निवेश करे। 15 प्रतिशत की यह रियायती ड्यूटी 35000 डॉलर से कम कीमत वाली कारों पर लागू नहीं होगी। कुल सीमा शुल्क राहत 6484 करोड़ रुपए तक सीमित होने का अनुमान है। नई ईवी नीति के तहत उद्यमियों को आवेदन जमा करने के लिए जल्द ही एक पोर्टल चालू किया जाएगा। यह पोर्टल कम से कम 120 दिनों तक खुला रहेगा। केवल वे कंपनियां ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगी, जिन्होंने वाहन विनिर्माण से कम से कम 10000 करोड़ की बिक्री की है और अचल संपत्ति निवेश में न्यूनतम 3000 करोड़ रखती हैं। इस योजना के तहत भारतीय और विदेशी दोनों कंपनियां आवेदन करने के लिए पात्र होंगी। सरकार के अनुसार, नई नीति 'मेक इन इंडिया' पहल का समर्थन करेगी और ऑटोमोबाइल विनिर्माण में भारत की वैश्विक स्थिति को ऊपर उठाने में मदद करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवन में यदि सम्मान पाना है, तो सच को पूरा स्वीकार करना सीखिए : विचित्र बाते प्रणेता सर्वार्थ सागर जी महाराज



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** मनाली पाटणी– रांछी ने अवगत कराया कि पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज सहित 32 पिच्छी विदिशा (म.प्र) में विराजमान हैं। विदिशा (मप्र) में विचित्र बाते प्रणेता सर्वार्थ सागर महाराज जी ने अपने प्रवचन में कहा कि सत्य की सबसे बड़ी परीक्षा तब होती है, जब उसे अधूरा बताया जाता है। दोगले लोग झूठ नहीं बोलते– वो बस सच का वो हिस्सा बताते हैं जो उन्हें अच्छा दिखाए। बात वही कहते हैं, जो उनके पक्ष में जाए। मगर याद रखिए– अधूरा सच, पूरा झूठ बन जाता है। जब कोई व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए केवल अपने अनुकूल सत्य को प्रस्तुत करता है, तो वह समाज में भ्रम फैलाता है। ऐसे लोग दूसरों की दृष्टि में भले ही कुछ समय तक सज्जन प्रतीत हों, लेकिन अंततः उनका चरित्र और चेहरा सामने आ ही जाता है। जीवन में यदि सम्मान पाना है, तो सच को पूरा स्वीकार करना सीखिए– न सिर्फ तब जब वह हमारे पक्ष में हो, बल्कि तब भी, जब वह हमारे खिलाफ हो। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। और जो व्यक्ति सत्य के साथ जीता है, वह कभी आत्मग्लानि में नहीं जीता। इसलिए सज्जनों, आइए, हम केवल अपने हित का नहीं, सार्वभौमिक सत्य का साथ दें, क्योंकि सत्य ही आत्मा की सबसे पवित्र वाणी है। **–अभिषेक अशोक पाटील**

### आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बंद फौव्वारे को चालू करने के दिए निर्देश



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एम.आई.सी. सदस्य लक्ष्मीपति राजू, जोन आयुक्त कुलदीप कुमार गुप्ता के साथ नगर निगम भिलाई के जोन क्रं. 05 क्षेत्र के उद्यानों एवं वाटर एटीएम का निरीक्षण किए। वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 स्थित सड़क 8–9 उद्यान में स्थापित फाउंटेन संधारण एवं अन्य मरम्मत कार्य के लिए उप अभियंता को निर्देशित किए। शिव धाम तालाब उद्यान की साफ–सफाई व्यवस्था को बनाये रखते हुए बारिश से पूर्व अवांछित खरपतवार एवं डालियों की कटाई–छटाई कराने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। ओवरब्रिज के बगल में लगे उद्यान में भी फौव्वारा स्थापित है, जो वर्तमान में बंद है। उपस्थित जोन आयुक्त और उप अभियंता को संधारण कर शीध्र चालू कराने निर्देशित किए, जिससे रोड साइड स्थित उद्यानों की सुंदरता और आकर्षकता बरक़रार रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सैमुएल, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता श्वेता माहेश्वर, आदि उपस्थित रहे।


### विमान हादसे में मृत लोगो को दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरूवार को बड़ा विमान हादसा हुआ है। एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुआ था, जिसमें 242 यात्रीगण सवार थे। एयर इंडिया का विमान जब एक हास्टल के डाइनिंग एरिया से टकराया, तब वहां मौजूद कई मेडिकल छात्रों की मृत्यु हो गई। विमान हादसे में 265 मृत लोगों की स्मृति में निगम परिवार की ओर से उनके परिवारों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने एवं मृतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एम.आई.सी. सदस्य सीजू एन्थोनी, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### पीएम आवास के 127 हितग्राही कर सकते हैं दावा आपत्ति

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बी.एल.सी.) घटक अंतर्गत मकान आबंटन किया गया है। उसका रैपिड असेसमेंट सर्वे से प्राप्त दस्तावेज के आधार पर शासन के निर्देशानुसार तृतीय फेस में निकाय की संयुक्त समिति द्वारा परीक्षण उपरांत संशोधित 127 पात्र आवेदनों की सूची दावा आपत्ति हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो दिनांक 16.06.2025 से 23.06.2025 तक की अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय जोन क्रं. 03 प्रथम तल में लिखित रूप से दावा आपत्ति कर सकते है। दिनांक 23.06.2025 पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अमान्य होगा। रैपिड असेंसमेंट सर्वे में तृतीय फेस में 127 पात्र आवेदकों की सूची को नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं सभी 5 जोन कार्यालयों के सूचना पटल एवं वार्डो के मुख्य स्थलों परद्ध चस्पा किया गया है। नागरिक अपनी सुविधा अनुसार जाकर दावा आपत्ति कर सकते है।




## सिद्धचक्र विधान मैना सुंदरी से प्रारंभ नहीं हुआ यह तो अनादि अनंत है : श्रमणाचार्य विशुद्धसागर जी महाराज

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** सिद्धचक्र विधान मैना सुंदरी से प्रारंभ नहीं होता यह तो अनादि अनंत है। उपरोक्त उद्गार श्रमणाचार्य विशुद्धसागर जी महाराज ने अरिहंत विहार प्रांगण में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के देशना मंडप से प्रथम दिवस व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि मैना सुंदरी ने मुनिराज के कहने पर सिद्ध प्रभु की आराधना की और उसके गंधोदक से उसके पति राजा श्रीपाल कुष्ट मुक्त हो गये थे यदि आप भी विशुद्धी से सिद्धों की आराधना करोगे तो इस चरम शरीर से मुक्त हो जाओगे प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया इस भीषण गर्मी में आचार्य श्री के द्वारा 60 मिनट की देशना चली देशना मंडप भी छोटा पड़ गया उपस्थित सभी धर्म श्रद्धालु मनोयोग से गुरूदेव की बाणी को सुनते रहे उन्होंने कहा कि सिद्धात्मा जगत शून्य है, जगत शून्य नहीं आचार्य श्री ने कहा कि संसार में रहना दुःख का कारण नहीं, संसारी होंना दुःख का कारण है आचार्य श्री ने कहा कि धन्य हो जिन शासन धन्य हो अरिहंत देव जिन्होंने सारे संसार को यह समझा दिया कि अणु अणु स्वाधीन, और स्वतंत्र है उन्होंने कहा कि यह सनातन श्रमण संस्कृति है, उन्होंने सिद्धों की आराधना करते हुये कहा कि सिद्ध सिद्धी देते नहीं, सिद्ध के बिना सिद्धी होती नहीं वह तप से, नयसे, ज्ञान से, चारित्र से, संयम से, सिद्ध हो चुके है, में ऐसे सिद्ध भगवान को नमस्कार करता हुं जो जगत को श्राप वरदान या आशीर्वाद नहीं देते उन्होंने प्रश्न खड़ा किया कि जब सिद्ध भगवान कुछ देते नहीं तो हम उनकी आराधना क्यों करें ? आचार्य श्री ने कहा कि विशुद्धी के साथ सिद्धों की आराधना करोगे तो इस चरम शरीर से मुक्त हो जाओगे उन्होंने कहा कि जब जब मिट्टी पर पानी पड़ता है तो कींचड़ हो जाती है, और जैसे सूर्य की घाम पड़ती है तो वह कींचड़ सूख जाती है, उसी प्रकार तप की घाम से एक योगी कर्मों की कींचड़ को सुखा डालता है, उन्होंने कहा कि संसार में कोई किसी के काम नहीं आने बाला जब जब काम आऐंगे तो वीतराग भाव ही काम आऐंगे आचार्य श्री ने कहा कि जिसे छोड़ चुके हो उसे जोड़ने की जो इच्छा रखते है वह दिगंम्वर जैन मुनि नहीं उन्होंने कहा कि जब हमारे गुरु आचार्य विरागसागर ने1989 में क्षुल्लक तथा ऐलक दीक्षा एवं 1991 में श्रैयांस गिरी में मुनिदीक्षा दे रहे थे तो उन्होंने कहा था कि कभी किसी के सामने हाथ मत फैलाना अपने परिणाम कि हमेशा विशुद्धी बनाये रखना उसी प्रकार जब मेंने 2002 में आचार्य श्री विद्यासागरजी के भोजपुर में दर्शन किये तो उन्होंने भी न जाने इस चहरे पर क्या पड़ लिया उन्होंने आशीर्वाद देते हुये एक ही बात कही थी कि श्रीऔर स्त्री से दूर रहनाइस वृह्मवाक्य को मेंने अपना आदर्श बना लिया आचार्य श्री ने कहा कि जब कींचड़ सूख कर मिट्टी बनकर काम आ सकती है उन्होंने कहा कि संसार में कभी किसी व्यक्ति से प्रभावित मत होंना कौन व्यक्ति कब शीतलनाथ बन जाये और कब ज्वालामुखी हो जाऐ सभी को ज्ञायक भाव से देखना कभी भी किसी भी जीव को नफरत या हिकारत दृष्टि से मत देखना क्यों कि सबके दिन एक से नहीं होते और सब दिन एकसे नहीं रहते



उन्होंने कहा कि यदि कोई आपको सुना रहा हो तो सुन लैना जो सुनने की सहन शक्ति रखता है बही अच्छा अच्छा सुना भी सकता है उन्होंने कहा कि आप किसी भी साधू के पास रहो वंहा रहकर जिन शासन की प्रभावना है। इस अवसर पर विदिशा नगर के गौरब मुनि श्री समत्वसागर महाराज ने कहा कि अनंत संसार के ज्ञान को जान लैने से आप ज्ञानी नहीं बन सकते जब तक बस्तु के बस्तुत्व का बोध कराने बाला सत्यार्थ बोध आपको न हो जाये उन्होंने कहा कि विदिशा बालों का महापुण्य है कि 2004 में महामुनिराज विशुद्धसागर महाराज की बाचना और चातुर्मास हुआ जो विदिशा के लिये ही नहीं संपूर्ण विश्व के लिये एक बरदान मिल गया उस समय पर आचार्य भगवन् ने तत्वसार का उपदेश पुरुषार्थ देशना बन गई, बंही कैसे उपाय और उपेय तत्व को कैसे प्राप्त किया जाता है वह मार्ग नियमसार के माध्यम से हम लोंगों को मिल गया था तो आज भले ही आप लोग सिद्धों की आराधना कर रहे हों इस भावना का बीजारोपण तो 2004 से ही प्रारंभ हो गया था उन्होंने कहा कि एक ओर अरिहंत भगवान ने जो देशना दी वह षठखंडागम ग्रंथ का प्रकाशन विदिशा में सेठ शितावराय लखमीचंद के माध्यम से हुआ बंही वर्तमान के वर्धमान तुल्य एवं आचार्य प्रवर कुंद कुंद के लधु नंदन आचार्य विशुद्धसागर की नौ माह की देशना को संपूर्ण विश्व में पहुंचाने का सौभाग्य भी इस विदिशा नगर को प्राप्त हुआ।उन्होंने कहा कि समय सीमित है और गुरु के गुण अनंत है तथा मेरे ऊपर तो गुरु के उपकार भी अनंत है जिनको चुकाना मेरे सामर्थ से बाहर है। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया प्रवचन के पूर्व अरिहंत महिला मंडल ने मंगलाचरण के रुप में नृत्य नाटिका प्रस्तुत की इस अवसर पर आचार्य श्री के पाद प्रछालन का सौभाग्य विधान के सूत्रधार समाजसेवी सुरेशचंद्र जैन एडवोकेट तथा श्री मति संगीता जयकुमार जैन स्वागत परिवार को प्राप्त हुआ रविवार 15 जून को दौपहर 2 बजे भारत के कृषी मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में धर्मसभा का दीप प्रज्जवलन होगा तथा इंदौर के भामाशाह दानवीर मनीष सपना गोधा का सम्मान किया जाऐगा।

स्वागताध्यक्ष संजयसेठ एवं समाज के अध्यक्ष शेलेन्द्र चौधरी सहित समस्त पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से समय पर पधारने की अपील की है। **–अविनाश जैन**

## रीवा से दुर्ग तक ट्रेन चलाने कई वर्षो से चल रही है मांग, विंध्यवासियों को सिर्फ मिल रही है तारीख पर तारीख, बड़े आंदोलन की चेतावनी



**बीरगांव ( विश्व परिवार )।** रीवा से बिलासपुर चल रही ट्रेन को रीवा से दुर्ग तक ट्रेन के विस्तारीकरन को लेकर विंध्यवासी कई वर्षों से इसकी मांग कर रहे हैं वही इस ट्रेन के न चलने से विंध्य के लाखों यात्री हर रोज प्रभावित हो रहे हैं जिसमें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें विंध्य के लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है वही विंध्य के लोगों ने रीवा से दुर्ग तक ट्रेन चलाने की कई वर्षों से बड़े–बड़े नेताओं को ज्ञापन दे चुके हैं जिसमें विंध्य के लोगों को मिल रही है तो सिर्फ तारीख पर तारीख जिसमें विंध्य के लोगों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। वही विंध्य एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने कहा कि इसी के संबंध में उरकुरा में शाम 5 बजे रविवार दिनांक 15/6/25 बैठक रखी गई है जिसमें उन्होंने कहा कि सभी विंध्यवासी विंध्य एकता संगठन के पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ विधि प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ पिछड़ा प्रकोष्ठ परिवाहन प्रकोष्ठ को सूचित किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि कई सालों से ट्रेन विस्तारीकरण के संबंध आवेदन राज्यसभा सांसद एवं विधानसभा अध्यक्ष छ्ग मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ डीआरएम रायपुर ,सांसद रायपुर को कई बार आवेदन दिया जा चुका परंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है इसलिए अपने हक की लड़ाई के लिए अपने अधिकार के लिए एकत्रित होकर घेराव प्रदर्शन कर अपनी मांग रखेंगे। जिसमें विंध्य के लाखों लोग अपने हक के लिए आंदोलन कर रायपुर सांसद एवं डीआरएम को घेरने की चेतावनी दी है।

## माँ सरस्वती एवं लक्ष्मी की महाअर्चना के साथ समापन हुआ ज्येष्ठ मास : विजय जैन



**अयोध्या ( विश्व परिवार )।** प्रतिष्ठाचार्य विजय जैन अयोध्या ने कहा कि माँ सरस्वती एवं लक्ष्मी की महाअर्चना के साथ समापन हुआ ज्येष्ठ मास 1008 कलशों से किया गया भगवान ऋषभदेव का महामस्तकाभिषेक भगवान ऋषभदेव दिगम्बर जैन मंदिर बडी मूर्ति रायगंज अयोध्या में जैन साध्वी भारतगौरव गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के ससंघ सानिध्य में ज्येष्ठ मास में होने वाले व्रत एवं शारदा पक्ष का माता सरस्वती एवं माता लक्ष्मी की महाआराधना के साथ समापन हुआ।

प्रतिष्ठाचार्य विजय जैन अयोध्या ने कहा कि जैन शास्त्रों के अनुसार ज्येष्ठ जिनवर अर्थात 24 तीर्थंकरों में प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का एक महीने तक मिट्टी के कलश के द्वारा बालब्रह्मचारिणी बालिकाएँ एवं समस्त श्रद्धालुगण महाअभिषेक करते हैं। ज्येष्ठ जिनवर का व्रत जैन शास्त्रों में पाया जाता है। जिसके अनुसार इस व्रत को करने वाले प्रतिदिन भगवान ऋषभदेव की पूजा एवं आराधना करते हैं।

अयोध्या दिगम्बर जैन मन्दिर के प्रवक्ता श्री विजय कुमार जी ने बताया कि शारदा पक्ष होने के कारण प्रतिदिन माँ सरस्वती की आराधना एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा का शृंगार किया जाता है। जिसमें 108 मंत्रों के द्वारा माँ सरस्वती की आराधना की जाती है। फल मेवा, मिष्ठान, फूल, अगरबत्ती आदि वस्तुओं से माँ को अर्घ्य समर्पित किया जाता है। इसे अधिकतम पढ़ने वाले बालक बालिका करते हैं। एवं माँ सरस्वती की आराधना जाप्य मंत्रों के द्वारा करते हैं। इसी शृंखला में माता लक्ष्मी का शृंगार समस्त सुहाग की वस्तुओं को जैसे चूडी बिन्दी, काजल, मेंहदी, बिछुओं एवं समस्त शृंगार का सामान वस्त्र आदि मंत्रों के साथ समर्पित किए जाते हैं। एवं व्रत करने वाले जाप्य अनुष्ठान सम्पूर्ण विधि विधान पूर्वक सम्पन्न करते हैं।

जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने बताया कि ज्येष्ठ जिनवर भगवान ऋषभदेव का पूजन एवं विधान हमें प्राचीन ग्रंथों में प्राप्त होता है। एवं सदियों से यह प्रथा चली आ रही है। इसी शृंखला में सुख शान्ति एव समृद्धि की प्राप्ति के लिए माता सरस्वती एवं माता लक्ष्मी की महाअर्चना शारदा पक्ष में करने वालो को पूण्य फल की प्राप्ति होती है। पूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती माताजी के द्वारा 108 मंत्रों से माता की गोद भराई एवं महाअर्चना का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी के मार्गदर्शन में आए हुए भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया एवं शाम को भगवान ऋषभदेव माता सरस्वती एवं माता लक्ष्मी की मंगल आरती 108 दीपकों से सम्पन्न की गई।

**–अभिषेक अशोक पाटील**

## अहमदाबाद विमान हादसा : महापौर, आयुक्त, सभापति एमआईसी, पार्षदो व अधिकारी-कर्मचारियो ने दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** अहमदाबाद विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार रूपानी सहित 241 लोगों की मौत एवं सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे को नगर निगम कार्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

महापौर श्रीमती अलका बाघमार की अध्यक्षता में नगर निगम परिसर में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शोकसभा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि यह हादसा बेहद हृदय विदारक और स्तब्ध कर देने वाला है।इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में हताहत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा।इस दुःखद घटना से मन अत्यंत व्यथित है, पीड़ित परिवारों के प्रति गहर्र संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। महापौर ने कहा कि शहीद एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। हम सब इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ है।

सभा में बड़ी संख्या में आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, संजय अग्रवाल, कमल देवांगन, खालिक रिजवी, नीरा खिचरिया, सविता साहू, मनीषा सोनी, मनीष कोठारी, अजीत वैध, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, आरके बोरकर, संजय मिश्रा, अनिल सिंह के अलावा एमआईसी सदस्य/ पार्षदगण व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## श्री रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान ने नवा रायपुर में श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 13 जून 2025 को श्री रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (SRIMSR), नवा रायपुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा 12 जून 2025 को अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया की फ्लाइट AI–171 की दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस हृदयविदारक दुर्घटना में भारत, ब्रिटेन, कनाडा और पुर्तगाल के कुल 230 यात्री, 10 क्रू सदस्य, 2 पायलट तथा बी.जे. मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद के अनेक इंटर्न डॉक्टर्स शामिल थे, जिनका स्मरण इस अवसर पर अत्यंत भावभीने ढंग से किया गया। सभा का वातावरण अत्यंत शोकाकुल था, जिसमें SRIMSR परिवार की सामूहिक संवेदना झलक रही थी। कार्यक्रम में संस्थान के डीन डॉ. कुंदन गेड़ाम, मेडिकल अधीक्षक डॉ. विवेक आगवन, सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षकगण, MBBS छात्रगण तथा संस्थान के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलन किया गया और 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने मिलकर शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर डीन डॉ. कुंदन गेड़ाम ने सभी को शांति, सहनशीलता एवं संवेदनशीलता का संदेश देते हुए पीड़ितों के लिए निरंतर प्रार्थना करने और इस दुःख की घड़ी में एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम श्रद्धा, करुणा एवं मानवीय एकता का प्रतीक बनकर संपन्न हुआ।

## महापौर बाघमार ने राजस्व विभाग की ली क्लास, कहा- निजी हॉस्पिटलों, कॉलेज, स्कूलों में टैक्स को लेकर कार्रवाही



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर के मौजूदगी में वार्डवार वसूली को लेकर राजस्व विभाग की क्लास ली।कहा कि, वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करे। व्यवसायिक एवं बड़ी संस्थानों में जाकर वसूली करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में निगम द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार को डाटा सेंटर सभागार में आयोजित राजस्व वसूली से संबंधित समीक्षा बैठक में महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि अधिकारी 16 जून से 16 जुलाई से सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहें। निगम राजस्व वसूलने के लिए लगातार निगरानी करें इस स्थिति में राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा।

## जीवन के बाद मृत्यु निश्चित, कर्म अनुसार ही जीवन क्रिया शील होगा- गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** इस संसार में सब कुछ बातें निश्चित हैं, जैसे शीतकाल की विदाई, अमावस्या के बाद पूर्णमासी और दिन के बाद रात का क्रम निश्चित है, ठीक वैसे ही जीवन में मौत का आगमन भी निश्चित है। यह प्रवचन भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ने जैन मंदिर अशोका गार्डन भोपाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को कहे। उन्होंने कहा कि – मौत के आगमन का कोई भरोसा नहीं है, वह घड़ी कभी भी आ सकती है इसलिए चलने की पूरी तैयारी रखें। माताजी ने कहा कि जिस प्रकार दिया सिलाई में कई तीलियां होती हैं। लेकिन कोई भी यह नहीं बता सकता कि इस तीली का नंबर किस तीली के बाद लगेगा। उन्होंने कहा कि यह जिंदगानी पत्थर पर खींची लकीर के समान है। इसलिए हजार काम छोड़कर धर्माचरण कर लेना, उस प्रभु की शरण में जाकर भक्ति कर लेना, यही लोक व परलोक में काम आएगी। उन्होंने कहा कि बीमारी की खिड़की हो या बुढ़ापे का दरवाजा, प्रिय की मौत का रोशनदान हो अथवा दुर्घटना का गुप्त द्वार, मृत्यु हर स्थान से झांकती है। उन्होंने कहा कि हम सबको याद रखना चाहिए कि सबकी मौत एक सप्ताह के अंदर ही होगी क्योंकि सप्ताह के सात दिन ही होते हैं, आठवां दिन नहीं आता। उन्होंने कहा कि धर्म तो पारस पत्थर है जो लोहे को सोना बनाता है तथा धर्म ही पत्थर को मूर्ति बना सकता है। **–अंशुल जैन**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शनिवार 14 जून 2025



## संक्षिप्त समाचार

### प्राकृतिक आपदा के तीन प्रकरणों में 12 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर बी.एस. उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के तीन मामलों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवभोग तहसील के ग्राम भतराबहली निवासी 52 वर्षीय कार्तिक राम सोम की 6 अक्टूबर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। उनके परिजन, पत्नी सिदराय बाई को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, अमलीपदर तहसील के ग्राम कुण्डेरापानी निवासी 7 वर्षीय ओपी उर्फमुपी ध्रुव की 13 अप्रैल 2024 को सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। उनके पिता निरसिंह ध्रुव को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। ग्राम मुचबहाल निवासी 69 वर्षीय जानोबाई बघेल की 5 जुलाई 2024 को सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। उनके परिजन रघुराम को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के 7 डॉक्टर एवं 2 चिकित्सकीय स्टाफको दिया कारण बताओ नोटिस

#### कार्य के दौरान अनुपस्थित मिलने पर जारी किया गया नोटिस

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर बी.एस. उइके ने जिला चिकित्सालय गरियाबंद में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अस्पताल की नियमित निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। उन्होंने जिला अधिकारियों को नोडल बनाया है, जो सप्ताह के सातों दिन अस्पताल पहुंचकर ओपीडी की स्थिति, डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति, साफ-सफाई, पेयजल और मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही अस्पताल के संचालन का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम ने सोमवार, 9 जून को आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के 7 चिकित्सक और 2 चिकित्सकीय स्टाफ अपने कार्य से अनुपस्थित पाए गए। इन अनुपस्थित कर्मचारियों में डॉ. हिना फारूखी, डॉ. परीना फारूखी, डॉ. एम.पी. अग्रवाल, डॉ. निशा नवरत्ने, डॉ. रूपेन्द्र महिलांगे, डॉ. स्वर्णारानी हिरौंदिया और डॉ. उर्वशी देवांगन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त ओटीए राकेश दीवान और एक्स-रे टेक्नीशियन गोमती भी अनुपस्थित थीं। इस पर कलेक्टर ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### हेरोईन बेचते एक आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** जिले की खुर्सीपार थाना पुलिस ने अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोईन/चिट्टा की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 05.30 ग्राम चिट्टा / हेरोईन जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा-21 क, 27 क एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनाँक 12.06.2025 को सुबह करीबन 6 बजे मुखबिर से सुचना मिली कि दीपक शाह नामक व्यक्ति सिद्धी बैट्री दुकान के सामने नहर किनारे ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाली रोड खुर्सीपार में अवैध रूप से नशीली चिट्टा/हेरोईन बेच रहा है। सुचना पर खुर्सीपार पुलिस थाना प्रभारी द्वारा एक विशेष टीम बना कर घटना स्थल पर घेराबंदी कर संदेही को पुलिस अभिरक्षा में लेकर तलाशी लेने पर संदेही के कब्जे से एक काले रंग के प्लास्टीक झिल्ली में नशीला पदार्थ चिट्टा /हेरोईन का होना पाया गया।

# विद्यार्थियों को समर्पित गरियाबंद में भव्य सम्मान समारोह

## पंडित श्यामचरण शुक्ल फ़ाउंडेशन ने जिले के होनहारों को किया सम्मानित, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा का संकल्प दोहराया






**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** पंडित श्यामचरण शुक्ल फाउंडेशन के तत्वावधान में गरियाबंद आक्शन हॉल में विद्यार्थी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के उन 22 होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और फाउंडेशन के चेयरमैन अमितेश शुक्ल उपस्थित रहे। उनके साथ सुपुत्र भवानी शंकर शुक्ल तथा फाउंडेशन से जुड़े कई सदस्य और पारिवारिकजन मौजूद रहे। इस गैर-राजनीतिक आयोजन में स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों के परिजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार शर्मा ने किया।

**पिता के सपनों को सेवा के माध्यम से साकार करने का संकल्प-** समारोह को संबोधित करते हुए अमितेश शुक्ल ने कहा, मेरे पिता, सांसद पंडित श्यामाचरण शुक्ल का सपना था कि उनके संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की कभी कमी न हो। उन्होंने और मैंने अपने-अपने कार्यकाल में इन क्षेत्रों में कई योजनाएं शुरू कीं। अब फाउंडेशन के माध्यम से यह सेवा कार्य निरंतर चलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि शुक्ल परिवार और फाउंडेशन जिले के विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मंच से उन्होंने जनता से भी सुझाव आमंत्रित किए और कहा कि जो भी जरूरतमंद हैं वे फाउंडेशन से नि:संकोच संपर्क करें।

**इन विद्यार्थियों को मिला सम्मान-** कक्षा 10वीं के टॉपर्स: नोमिका साहू, भूमिका नागेश, गीताजंली बंजारे, प्रणय बांबोडे, लक्ष्मी नागेश, ऐश्वर्या साहू, जयेश साहू, ओमिका साहू, माया साहू, नम्रता निषाद, आरती साहू।

कक्षा 12वीं के टॉपर्स: प्रिया बघेल, भानुप्रताप साहू, अंजू साहू, निशारानी टंडन, रूपाली नागेश, भोजलता, लक्ष्मी बांधे, गीतिका सचदेव, निशा, तेजस्वरी। फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में अभिभावकों और विद्यार्थियों की आंखों में गर्व और भविष्य के प्रति उम्मीद की चमक साफ़ झलक रही थी। यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का सार्थक प्रयास भी था।

# यातायात पुलिस ने किया क्किक रिसोन्स टीम का गठन

**बिलासपुर।** यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा यात्रियों के लिए सुगम आवागमन हेतु उल्लेखनीय एवं सक्रिय पहल करते हुए क्किक रिसोन्स टीम का गठन किया गया है। शहर में कहीं पर भी अनायास एवं आकस्मिक आवागमन बाधित होने, यातायात जाम एवं यातायात व्यस्तम होने के दौरान तत्काल पहुंचेगी टीम ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में शहर में सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन हेतु कहीं पर भी यातायात व्यवधान की स्थिति निर्मित ना हो इस हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है एवं कहीं पर भी यातायात व्यवधान की सुचाना यातायात पुलिस बिलासपुर को प्राप्त होने पर तत्काल ही कैसे यातायात व्यवस्था सुचारु किया जावे। इस हेतु यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा क्किक रिस्पांस टीम अर्थात तत्काल प्रतिक्रिया समूह का निर्माण किया गया है। इसके तहत यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा मुख्यालय स्तर पर 12 सदस्य टीम का गठन किया गया है जिसके द्वारा कभी भी शहर में कहीं पर भी यातायात व्यवधान, जाम या अत्यधिक यातायात दबाव की स्थिति में सबंधित जगह पर पहुंचकर चौक, चौराहे, मुख्य मार्ग एवं पहुंच मार्ग में यातायात व्यवस्था सुचारू किए जाने का अविलम्ब प्रयास करती है। इस हेतु स्वयं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा उक्त 12 सदस्यीय टीम सहित उक्त जगह पर पहुंचकर यातायात को तत्काल सुचारू एवं दुरुस्त किया जाता है।

ज्ञातव्य हो कि बिलासपुर में कई ऐसे ट्रेफिक पॉइंट है जो कि बॉटल नेक की तरह संरचना निर्मित करते हैं जिसके कारण प्रात: 10:00 बजे से लेकर के 11:00 तक एवं शायं 4:00 बजे से लेकर रात्रि 8:00 बजे के बीच अत्यधिक यातायात दबाव का सामना करना पड़ता है जिसमें प्रमुख रूप से इंदिरा सेतु, रामसेतु, उसलापुर ब्रिज एवं महाराणा प्रताप ब्रिज प्रमुख है जहां पर नियमित रूप से यातायात दबाव का सामना करना पड़ता है खास कर आफिस जाने और ऑफिस छूटने के समय के दौरान और भी यातायात दबाव की स्थिति होता है। इस दौरान कई बार कोई ना कोई गाड़ियां या बस ब्रेकडाउन या पुल के ऊपर बंद होने की जानकारी भी आती है जिसके कारण मिनटों के अंदर गाड़ियों का तांता लगने की स्वाभाविक स्थिति बनती है अत: ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में क्किक रिस्पांस टीम का तत्काल हरकत में आते हुए उक्त जगह पर पहुंचकर यातायात व्यवधान की स्थिति को आवागमन की दृष्टि से सुगम बनाने का काम की जाती है।

उक्त क्किक रिस्पांस टीम नियमित रूप से जिला यातायात मुख्यालय एवं अन्य पॉइंट ड्यूटी पर मौजूद रहती है और कार्यालय कार्यों एवं पॉइंट ड्यूटी के कार्यो का निष्पादन करते हुए जब भी किसी भी प्रकार की सूचना यातायात व्यवधान के संबंध में प्राप्त होती है तत्काल ही सक्रिय होते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात व्यवधान वाली जगह में पहुंचकर आवा गमन को शीघ्र सुचारु करने में अपनी भूमिका निभाती है।

इसी संदर्भ में आज लगभग 11:30 बजे शहर के अत्यंत व्यस्थतम आवागमन दबाव वाले महत्वपूर्ण पुल इंदिरा पुल के ऊपर में भोले नाथ बस के ब्रेकडाउन होने पर क्किक रिस्पांस टीम पहुंचकर तत्काल ही इंदिरा पुल के मध्य में ब्रेकडाउन हुए बस को धक्का देकर महामाया चौक के पास चौक के किनारे में ले जाकर बाधित हुए आवागमन को दुरुस्त करने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

उक्त क्किक रिस्पांस टीम में यातायात पुलिस बिलासपुर मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, उप निरीक्षक आदित्य सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक घोष, शैलेन्द्र सिंह, उदय राम, धन सिंह, आरक्षक रोशन खेस, भुनेश्वर मरावी, राज श्रीवास, रोहित साहू, धन राज, कुशल साहू, मंगलू राम, सौरभ चौबे, सुशील ध्रुव, हरवंश पटेल एवं समय समय पर अन्य पॉइंट से यातायात के बल को त्वरित बुला कर आवागमन दुरुस्त करने का कार्य करते है।

समस्त वाहन चालकों से यातायात पुलिस बिलासपुर ने विनम्र अपील की है कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलावे और कहीं पर भी यातायात व्यवधान की स्थिति निर्मित हो तो अनावश्यक विपरीत दिशा में गाड़ी ले जाकर खड़ी ना करें यातायात पुलिस के द्वारा दी जा रही निर्देशों का समुचित समुचित पालन करते हुए ही वाहनों को आगे बढ़ावें ताकि व्यस्ततम आवागमन वाले मार्ग में सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन को सुचारू तरीके से संचालित किया जा सके।

# भगोड़े पति व सास का पासपोर्ट निरस्त करने आयोग ने दिया निर्देश

### गांव में जमीन कब्जा करने वाली आवेदिका दुबारा आवेदन लगाई थीं, आयोग ने प्रकरण नस्ती बद्ध किया

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य माहिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी व श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर पर 323वीं व बालोद जिला की 5वीं सुनवाई हुई। बालोद जिले में आयोजित जन सुनवाई में कुल 16 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। आज सुनवाई के दौरान विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा एवं कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक उपस्थित थे।

आज के सुनवाई के दौरान प्रकरण में उपस्थित आवेदिका ने पूर्व में भी उन्हीं पक्षकारों के खिलाफ सामाजिक बहिष्कार का प्रकरण प्रस्तुत किया था जिसे आपसी सहमती से नस्तीबद्ध किया जा चुका है। उसी आशय का दुबारा आवेदन दिया है जिसमें उभय पक्षों के मध्य तहसील न्यायालय में प्रकरण चल रहा है और 05 मई 2025 को गांव में सामाजिक बहिष्कार नहीं किया गया है इस पर सभी पक्षों ने हस्ताक्षर किए है। अत: प्रकरण नस्ती बद्ध किया जाता है। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि पूर्व में उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी तब उसने आवेदन दिया था। लेकिन अब उसे कोई शिकायत नहीं है। इस स्तर पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने राजी नामा की दस्तावेज की फोटोकापी 30 जनवरी 2025 को उभय पक्ष के मध्य इरकारनामा हो गया है वह अपना प्रकरण वापस लेना चाहती है। अत: प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अनावेदक क्रमांक 2 के पालतु श्वान ने काट दिया था, रिपोर्ट थाना बालोद में नहीं लिखे थे। घटना के 3 से साढ़े 3 माह बाद 04 अप्रैल 2025 को एफआईआर 156 दर्ज किया गया इस प्रकरण में अभी चालान पेश नहीं हुआ है। अनावेदक क्रं. 02 अभियुक्त के तौर पर न्यायालय प्रस्तुत हो रहा है। अत: आवेदक को समझाईस दिया जाता है कि वह न्यायालय में अपने अधिवक्ता के नाम से अनावेदक क्रमांक 02 को सजा दिलाने का प्रकिया कर सकता है। इस स्तर पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। अन्य प्रकरण में आवेदिका प्रधानपाठिका और अनावेदक बीईओ डौण्डी जिला बालोद हैं। आवेदिका का कथन है कि अनावेदक उनके स्कूल में आये दिन निरीक्षण करते है, उन्हें नोटिस देते है। दिसम्बर 2024 का वेतन रोक दिये है और दो दिन का वेतन भी काटा है। अनावेदक का कथन है कि आवेदिका रायपुर से 150 किमी. से आना जाना करती है। मुख्यालय में नहीं रहती है जिससे स्कूल का काम प्रभावित होता है। उभयपक्षों को विस्तार से सुनने के बाद दोनो समझाईश दिया गया दस्तावेज के साथ कितने बार औचक निरीक्षण किया कितनी बार नोटिस दिया गया।

# छत्तीसगढ़ की बेटियों का शौर्य गगनचुंबी : गरियाबंद की वीरांगनाएं अब 14,000 फीट की ऊंचाई पर लहराएंगी तिरंगा

### हमटा पास की दुर्गम चोटियों की ओर बढ़ा हौसले का कारवां – तिरंगे के सम्मान में गरियाबंद की बेटियों का एक और ऐतिहासिक कदम





**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की धरती ने हमेशा शौर्य, साहस और आत्मबल की मिसाल पेश की है। अब इसी कड़ी में गरियाबंद जिले की बेटियों ने अपने बुलंद हौसलों से पूरे प्रदेश को गौरवान्वित कर दिया है। शिक्षक नगर आमदी की निवासी कनक लता सिंह के नेतृत्व में जिले की चार साहसी बेटियां एक बार फिर दुर्गम पहाड़ियों को फतह करने निकली हैं — इस बार लक्ष्य है हिमाचल प्रदेश के हमटा पास की 14,000 फीट ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराना।

**गौरलाटा पर लहराया था तिरंगा, अब हमटा पास की बारी-** इससे पहले इन जांबाज बेटियों ने उत्तरकाशी स्थित गौरलाटा (केदारकंठा ट्रैक) की 12,500 फीट की ऊंची चोटी पर तिरंगा लहराकर न केवल गरियाबंद, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया था। इस दल में शामिल हैं:

कनक लता सिंह (उम्र 27 वर्ष, पिता सत्येंद्र सिंह)

कोमिता साहू (उम्र 16 वर्ष, पिता दुष्यंत साहू)

खिलेश्वरी कश्यप (उम्र 17 वर्ष, पिता त्रिलोक कश्यप)

अम्बा तारक (उम्र 18 वर्ष, पिता ऐवस तारक)

इन सभी की जुझारू भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति सराहनीय है।

**14,000 फीट का नया लक्ष्य, साहस का नया सफर-** 12 जून को गरियाबंद से रवाना होकर, ये बेटियां अब हिमाचल के मनाली स्थित बेस कैंप पहुंची हैं। 15 जून को वे हमटा पास ट्रैक के लिए प्रस्थान करेंगी। इस दौरान लगभग 35 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा तय करनी होगी। घने जंगल, बर्फीले रास्ते, ऊंची-खड़ी चढ़ाइयां — हर मोड़ पर चुनौतियां होंगी, लेकिन इन साहसी बेटियों का हौसला अडिग है।

**कनक लता सिंह — एक प्रेरणास्त्रोत**

कनक लता सिंह, जिनके सरल स्वभाव और अडिग संकल्प ने न जाने कितने युवाओं को प्रेरित किया है, कहती हैं:

यह यात्रा केवल मेरी नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ की बेटियों के जज़्बे का प्रतीक है। हमारा सपना है कि हम तिरंगे को हर शिखर पर फहराएं और युवाओं में देशभक्ति तथा आत्मविश्वास की भावना जागृत करें।

कनक लता साहसिक अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं और अपने नेतृत्व से युवाओं को ऊंचे सपने देखने और उन्हें पूरा करने की राह दिखा रही हैं। आज वे पूरे जिले में एक आदर्श, एक प्रेरणा और एक शौर्य की प्रतीक बन चुकी हैं।

**जिले में उत्साह और गौरव की लहर**

गरियाबंद के लोगों के दिलों में इन बेटियों के लिए गर्व और सम्मान की भावना उमड़ पड़ी है। सोशल मीडिया से लेकर सार्वजनिक मंचों तक — हर जगह से इन बेटियों को ढेरों शुभकामनाएं और प्रोत्साहन मिल रहा है। पूरे जिले को इनकी सुरक्षित यात्रा और सफल वापसी की प्रतीक्षा है।वहीं गरियाबंद की बेटियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों और दिल में देशभक्ति की भावना हो, तो कोई भी शिखर दूर नहीं। यह केवल एक ट्रैकिंग मिशन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की बेटियों का राष्ट्रप्रेम और आत्मबल का उद्घोष है।

## व्यापार समाचार

### 3000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर लगेगा चार्ज?

**मुंबई।** आज पेटीएम के शेयरों में 10 फीसदी से अधिक की गिरावट आई. वित्त मंत्रालय के स्पष्टीकरण जारी किए जाने के बाद शेयरों में गिरावट दर्ज की गई. वित्त मंत्रालय की ओर से स्पष्टीकरण में कहा गया है कि यूपीआई लेनदेन पर कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लिया जाएगा. फिनटेक कंपनी के शेयर 864 रुपये पर कारोबार कर रहे थे और निफ्टी मिडकैप इंडेक्स पर टॉप लूजर के रूप में उभरे. वित्त मंत्रालय का स्पष्टीकरण उन रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया था कि सरकार बैंकों और भुगतान समाधान प्रोवाइडर की सहायता के लिए 3,000 रुपये और उससे अधिक मूल्य के लेनदेन पर एमडीआर लागू करने की योजना बना रही है. रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि सरकार लेंडर को मर्चेंट टर्नओवर के बजाय लेनदेन मूल्य पर एमडीआर लगाने की अनुमति दे सकती है. रिपोर्ट सामने आने के बाद पेटीएम के शेयर तीन महीने के उच्चतम स्तर 978 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए थे. एमडीआर एक शुल्क है जो बैंक वास्तविक समय में भुगतान संसाधित करने के लिए व्यापारियों से लेते हैं. इससे पहले, व्यापारियों से कार्ड भुगतान पर कुल लेनदेन मूल्य का 1 फीसदी एमडीआर शुल्क लिया जाता था. बाद में 2020 में सरकार ने देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए एमडीआर शुल्क माफ कर दिया.

### जनता के लिए राहत भरी खबर, सस्ता होगा खाद्य तेल, महंगाई से मिलेगी राहत!

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों के दामों को लेकर बड़ा ऐलान किया. जानकारी के मुताबिक सरकार ने कच्चे सूरखमुखी, सोयाबीन और पाम ऑयल जैसे कच्चे खाद्य तेलों पर बेसिक सीमा शुल्क को 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने को कहा है. बता दें, खाद्य मंत्रालय ने खाद्य तेल उद्योग संघों को यह आदेश देते हुए कहा कि सरकार के निर्णय के बाद आयात शुल्क में कटौती का लाभ तत्काल उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए. खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में प्रमुख खाद्य तेल उद्योग संघों और उद्योग हितधारकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह आदेश दिया गया. इस आदेश के बाद से आयात शुल्क का अंतर तकरीबन 8.75 फीसदी से बढ़कर 19.25 फीसदी हो गया है. इस आदेश के बाद से खाद्य तेलों के दामों में बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी. इसका सीधा असर खाना बनाने वाले तेलों के दामों पर पड़ेगा. सरकार का यह फैसला पिछले वर्ष शुल्क वृद्धि के बाद खाद्य तेल की कीमतों में हुई तीव्र वृद्धि की विस्तृत समीक्षा के बाद लिया गया है. इस वृद्धि के चलते उपभोक्ताओं पर मुद्रास्फीति का दबाव काफी बढ़ गया, खुदरा खाद्य तेल की कीमतें बढ़ गईं और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई. सरकार के इस फैसले से आम जनता को लाभ होगा. इससे महंगाई से राहत मिलेगी. बता दें, खाद्य तेल एक किस्म का वनस्पति या पशु वसा है. इसका प्रयोग खाना बनाने, सब्जियों या अन्य खाद्य पदार्थों को तलने, भूनने समेत कई प्रकार के कामों में किया जाता है.

### किसानों के लिए बड़ी खबर! 20 जून को आएगी पीएम किसान की 20वीं किस्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 20वीं किस्त इसी महीने जारी किए जाने की उम्मीद है. इस साल के लिए इस योजना की दूसरी किस्त 20 जून को 9.8 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खातों में जमा की जाएगी. भारत सरकार और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) शुरू की है, जिसके तहत भारत के प्रत्येक पात्र किसान को 6,000 रुपये की वार्षिक सब्सिडी मिलेगी, जो हर चार महीने में 2,000 रुपये के तीन बराबर भुगतानों में दी जाएगी. लेटेस्ट घोषणा में भारत सरकार ने अधिसूचित और अनिवार्य किया है कि केवल वे किसान ही पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के लाभ के लिए पात्र होंगे जिन्होंने रजिस्ट्रेशन प्रोसस पूरी कर ली है. 20वीं किस्त प्राप्त करने के लिए किसान किसान रजिस्ट्री यूपी मोबाइल ऐप, आधिकारिक पीएम किसान वेबसाइट या किसी भी सार्वजनिक सेवा सुविधा पर जाकर रजिस्ट्रेशन प्रोसस पूरी कर सकते हैं. पीएम-किसान पूरे भारत में गरीब किसानों के लिए एक जीवन रेखा है. पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की शुरू की गई यह योजना पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये देती है. 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान योजना, गरीब और हाशिए पर पड़े किसानों को तीन बराबर किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये देती है. मानसून की बुवाई के करीब होने के साथ, जून की किस्त खरीफ फसल के मौसम की तैयारी कर रहे लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है. सबसे बढ़कर, यह उस अवधि के दौरान समय पर वित्तीय सहायता भी देता है जब इनपुट लागत बढ़ जाती है.

## कोहली को कप्तान बनाकर उनका संन्यास टाला जा सकता था

**रवि शास्त्री का बड़ा बयान**




**नईदिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री उस समय भावुक हो गए जब वह विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास पर बात कर रहे थे।

उन्होंने कोहली की कप्तानी में एक सफल दौर बिताया है और कई यादगार सीरीज जीतते हुए देखा है।

उनका मानना है कि कोहली का संन्यास थोड़ा और समझदारी से संभाला जा सकता था। उन्हें कप्तान बनाकर उनके संन्यास को टाला जा सकता था।

शास्त्री ने कहा, कोहली का टेस्ट से संन्यास लेना दुख की बात है। वह एक महान खिलाड़ी हैं। जब कोई चला जाता है तभी लोग उसकी अहमियत समझते हैं। आंकड़े उनकी महानता को पूरी तरह नहीं दिखा सकते, उन्होंने खुद को टेस्ट क्रिकेट के दौरान विदेशी दौरे में जिस तरह पेश किया वो काफी महत्वपूर्ण था। लॉर्ड्स में टीम ने जैसे मैच पलटा वो लम्हा किसी सपने जैसा था और मुझे खुशी है कि मैं उस पल का हिस्सा था।

शास्त्री ने कहा, मुझे दुख है कि वह जिस तरह से गए, वह बहुत अचानक हुआ। मुझे लगता है कि इस पूरे मामले को थोड़ा और अच्छे तरीके से संभाला जा सकता था, शायद उनसे ज्यादा बातचीत की जा सकती थी। अगर यह फैसला मेरे हाथ में होता तो मैं उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद ही फिर से कप्तान बना देता।

साल 2019 से 2024 तक कोहली ने 46 टेस्ट मैच खेले। इसकी 78 पारियों में 35.84 की औसत से सिर्फ 2,617 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 5 शतक और 11 अर्धशतक निकले थे।

कोहली ने 2 शतक साल 2019 में और 2 शतक 2023 में लगाए थे। 1 शतक पिछले साल आया था।

साल 2020, 2021 और 2022 में उनके बल्ले से 1 भी शतक नहीं निकला। इस दौरान वह भारत के लिए 19 टेस्ट मैच खेले थे।

कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 मैचों की 210 पारियों में 46.85 की उम्दा औसत के साथ 9,230 रन बनाए थे। इस बीच नाबाद 254 रन उनका सर्वोच्च स्कोर स्कोर रहा था।

कोहली के बल्ले से 30 शतक और 31 अर्धशतक निकले थे।

उन्होंने अपना पहला टेस्ट वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।

भारत में उनसे ज्यादा टेस्ट रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) ने बनाए हैं।

## स्टीव स्मिथ ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में रचा इतिहास, तोड़ डाला 99 साल पुराना महारिकॉर्ड



**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का लॉर्ड्स के साथ प्रेम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भी जारी रहा. दाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज ने 99 साल पुराने महारिकॉर्ड को तोड़ते हुए क्रिकेट के घर लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज बनकर अपने नाम एक और रिकॉर्ड जोड़ लिया. उन्होंने बुधवार, 11 जून को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ़्रीका के बीच यहां खेले जा रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 के पहले दिन यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की.

स्मिथ ने 51 रन बनाते ही यह खास उपलब्धि हासिल की. उन्होंने 76 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से अर्धशतक बनाकर ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला. हालांकि, वे अंततः 66 रन बनाकर आउट हो गए, जब वे पार्ट-टाइम स्पिनर एडेन मार्कराम की गेंद पर स्लिप में खड़े मार्को जेनसन को कैच थमा बैठे.

36 वर्षीय स्मिथ ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के वॉरेन बार्डस्ले के 575 रन (115 की औसत से) को पीछे छोड़ दिया. इस प्रक्रिया में, उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज गारफील्ड सोबर्स और ऑस्ट्रेलिया के महान सर डोनाल्ड ब्रैडमैन को भी पीछे छोड़ा. स्मिथ के खाते में अब क्रिकेट के मक्का में 2 शतक और 3 अर्धशतक के साथ 591 रन दर्ज हो गए हैं.


दक्षिण अफ्रीकी पेसरों की तरह ही, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले दिन गेंद से भी दबदबा बनाया. ऑस्ट्रेलिया के 212 के स्कोर पर सिमटने के बाद मिचेल स्टार्क ने एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन को आउट करके डबल धमाका किया. कंगारू गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पहले दिन स्टंप्स तक दक्षिण अफ्रीका का स्कोर (43/4) कर दिया.

बता दें कि, यह तीसरा डब्ल्यूटीसी फाइनल है. न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने पिछले फाइनल में भारत को हराकर डब्ल्यूटीसी 2021 और डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र जीते थे. दक्षिण अफ्रीका पिछले 27 वर्षों में अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने का लक्ष्य बना रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया इसका सफलतापूर्वक बचाव करना चाहेगा.

## रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया ज़ात

**महिलाओं की अनकही कहानियों को धातु और यादों से उकेरने वाली मूर्तिकला प्रदर्शनी**

**लंदन की भारतीय कलाकार ने नई दिल्ली के ब्रिटिश काउंसिल में प्रदर्शनी के ज़रिए नारीत्व की पुरानी सोच को चुनौती दी**





**नई दिल्ली।** ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में ज़ात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीज़ों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूके: क्रिएटिव कनेक्शन्स द्वद्ध के हिस्से के रूप में चलेगी।

आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं—या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। यह प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है और भारतीय उपमहाद्वीप की हस्तकला परंपराओं में छिपी अनकही इच्छाओं को उजागर करती है।

**समकालीन कला में एक ताज़ा आवाज**- 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

सोनाक्षी बताती हैं, ज़ात की शुरुआत मेरी अपनी पुरानी यादों को सहेजने के लिए हुई थी, लेकिन यह जल्द ही एक तरह का दावा बन गया—उन पारिवारिक चीज़ों को खोजने का, जिनमें उन महिलाओं का चुपके से किया गया विरोध छिपा था, जिन्हें सिर्फ़ मां, दुल्हन या दादी के रूप में जाना गया। अपनी मूर्तियों के ज़रिए, मैं मां-बेटी की विरासत को चीज़ों की यादों के रूप में सहेजती हूं—ताकि आने वाली पीढ़ियों की महिलाएं उन्हें सिर्फ़ उनके रोल्स से नहीं, बल्कि उनकी ख्वाहिशों, आज़ादी और आवाज़ के साथ जानें।

**Office of the Executive Engineer (E/M) Division**
**Public Health Engineering Department**
**Rajnandgaon (Chhattisgarh)**

NIT No. 02/2025-26/TS/EE/(E&M) PHED/Rajnandgaon Dated:-10-06-2025

**Notice Inviting Tender**

Sealed tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh on Form "B" for job work carried out as mentioned below from the manufacturer or their authorized dealers having previous experience of such type of work satisfactory performance report.

| S. No. | Item of Supply | Estimated Cost in (in Lakh) | Eamest Money (Rs | Cost of tender document | Period to complete job work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation of old departmental D.T.H. rig (LMP-2) and remounting all old equipments on departmental new Ashok Leyland 1920 truck (20 feet chassis) with necessary modification, repairs, fabrications and refurbishing for construction of 150 meters borewells by DTH method, including installation trial and testing as per details technical specification given in scope of work (Annexure-B) (rates may clearly be quoted with all taxes, charges and labour charges) | 11.74 lakh | 11740.00 | 750.00 | 60 Days |

1. Last date of receipt of application issue of tender documents- 07-07-2025 up to 5.30 PM
2. Last date of Sale of tender document- 08-07-2025 up to5.30 PM
3. Last date of receipt of tender document- 09-07-2025 up to3.00 PM
4. Date of opening Tender- 09-07-2025 at 4.00 PM

Terms & Condition

1 Acceptance to departmental terms & conditions has to be given by the tenderer in writing along with application for purchase of tender documents then only tender documents shall be issued. If any deviation made or additional conditions are given in the offer then tender shall be rejected being treated as conditional tender.
2 This short NIT will be part of the agreement.
3 This short NIT also available in the P.H.E. Department (E/M) Division, Rajnandgaon Notice Board.
4 This short NIT is also available in the site of https://eproc.cgstate.gov.in

Executive Engineer(E/M) Dn.
Public Health Engineering
Department Rajnandgaon (C.G.)

G- 252601500/3

## टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत पर एक नजर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है। कई बार भारतीय टीम ने अपने शानदार खेल से इंग्लैंड को एकतरफा हराया है।

इन जीतों में न सिर्फ टीम की मजबूती दिखी, बल्कि उन्होंने यह भी साबित किया कि वह किसी भी परिस्थिति में बड़ी टीमों को मात देने का दम रखते हैं।

ऐसे में आइए इंग्लैंड पर भारत की सबसे बड़ी जीत पर एक नजर डालते हैं।

भारत को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अब तक की सबसे बड़ी जीत साल 2016 में चेन्नई में मिली थी।

उस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 477 रन बनाए थे।

जवाब में भारतीय टीम ने करुण नायर के शानदार तिहरे शतक (303 नाबाद) की बदौलत 759/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी महज 207 रन पर सिमट गई और भारत ने यह मुकाबला पारी और 75 रनों से जीत लिया था।

भारत को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी जीत साल 2024 में धर्मशाला में मिली थी।

उस मैच में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए इंग्लैंड की टीम सिर्फ 218 रन बना सकी।

जवाब में भारत ने रोहित शर्मा (103) और शुभमन गिल (110) की शतकीय पारियों की बदौलत 477 रन जुटाए।

दूसरी पारी में इंग्लैंड की पूरी टीम 195 रन ही बना पाई और भारत ने यह मुकाबला पारी और 64 रनों से अपने नाम किया।

साल 2002 में हेडिंग्ले, लीड्स में भारत ने इंग्लैंड को पारी और 46 रनों से हराया था।

इंग्लैंड में ये भारत की सबसे बड़ी जीत है।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल द्रविड़ (148), सचिन तेंदुलकर (193) और सौरव गांगुली (128) की शानदार पारियों के दम पर 628/8 का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 273 रन पर सिमट गई।

भारत ने उन्हें फॉलोऑन दिया। दूसरी पारी में इंग्लैंड 309 रन ही बना सकी।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी चौथी सबसे बड़ी टेस्ट जीत साल 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में दर्ज की थी।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 400 रन बनाए थे।

जवाब में भारतीय टीम ने मुरली विजय (136), विराट कोहली (235) और जयंत यादव (104) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 631 रन बना दिए थे।

दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम 195 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने यह मुकाबला पारी और 36 रनों से अपने नाम किया था।

### सू- दोकू क्र.077

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र076का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 14 जून 2025



## छत्तीसगढ़ में 16 जून से शुरू होगा शाला प्रवेश उत्सव

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में आगामी 16 जून 2025 से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के समस्त जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर शाला प्रवेश उत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। यह आयोजन राज्य में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण अवश्य है, परंतु यह असंभव नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार

## रायपुर रेल मंडल के आरव्हीएच-आरएसडी सेक्शन में दोहरीकरण कार्य के कारण पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आरव्हीएच-आरएसडी सेक्शन में प्रीएनआई / एनआई कार्य दोहरीकरण कार्य के कारण पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन दिनांक 21 से 26 जून तक प्रभावित रहेगा।



**रद्द रहने वाली ट्रेन**- गाड़ी संख्या 68761 अभनपुर रायपुर पैसेंजर दिनांक 22 से 26 जून 2025 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68762 रायपुर अभनपुर पैसेंजर दिनांक 22 से 26 जून 2025 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 58217 टिटलागढ़ रायपुर पैसेंजर दिनांक 21 से 25 जून 2025 तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 58218 रायपुर टिटलागढ़ पैसेंजर दिनांक 22 से 26 जून 2025 तक रद्द रहेगी।

**रीशेड्यूलिंग की जाने वाली गाड़ी**- गाड़ी संख्या 58207 रायपुर-जुनारगढ़ रोड पैसेंजर दिनांक 22 जून एवं 23 जून को रायपुर से 2 घंटे रीशेड्यूल की जाएगी।

## रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 13 जून 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, यांत्रिक तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ कर्मचारी ट्रेनिंग स्कूल/परिचालन/बीएमवाई में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई- स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिगनलिंग सेक्शन में गाड़ियों का परिचालन, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं गाड़ियों का सिक्योरिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा ट्रैक संबंधी बरती जानेवाली वर्षाकालीन सावधानियां एवं कार्य क्षेत्र में निजी संरक्षा, हॉट एक्सल, दरवाजा खुलने आदि से बचने के लिए साइडिंग और स्टेशनों से गाड़ी क्लियर करते समय ट्रेनों की जांच करना, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन। इस संरक्षा सेमिनार में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी सहित संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 37 लोगों ने भाग लिया।

# बस्तर में बदल रही तस्वीर, नक्सल हिंसा की जगह अब छाई खुशियां

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों की नई जिंदगी की शुरुआत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में, जहां कभी गोलियों की गूज सुनाई देती थीं, वहां अब हर जगह खुशी और उल्लास की गूंज सुनाई देती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन और छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति व नियद नेल्लानार योजना के प्रभाव से माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे युवक-युवतियों और नक्सल पीड़ितों ने नई जिंदगी की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बस्तर संभाग में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह इस बदलाव के साक्षी बने हैं।

सुकमा के मिनी स्टेडियम में 13 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में दो आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ों मौसम महेश-हेमला मुन्नी और मड़कम पाण्डू-रव्वा भीमे ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह रचाया। ये चारों जून 2024 में नक्सल संगठन छोड़कर आत्मसमर्पण कर चुके थे। मुख्यमंत्री ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर श्री साय ने सुकमा जिले को 206 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी दी। नवदंपतियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों और पुनर्वास योजनाओं ने उन्हें हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और विकास की राह अपनाने के लिए प्रेरित किया।

दंतेवाड़ा के मेंढका डोबरा में मंदिर परिसर में 20 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 220 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर गृहस्थ जीवन शुरू किया। इनमें पूवर्ती गांव की एक नक्सल पीड़िता और वहां तैनात जवान का जोड़ा भी शामिल था। पूवर्ती, जो कभी खूंखार नक्सली हिड़मा और देवा का गढ़ था, अब सरकार की योजनाओं और सुरक्षा बलों की मौजूदगी से भयमुक्त होकर खुशहाली की ओर अग्रसर है। नियद नेल्लानार योजना के तहत धुरली गांव के दो जोड़ों सीमा भास्कर-रमेश भास्कर और सुंदरी तेलाम-धन्नु कुंजाम ने भी विवाह रचाया। सभी नवदंपतियों के बैंक खातों में 35 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने बस्तर के निर्धन परिवारों को नया जीवन दिया है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें 35 हजार रुपये सीधे वधु के खाते में हस्तांतरित होते हैं। श्री विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में अब तक 15 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह इस योजना के तहत संपन्न हो चुका है।

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल विरोधी कार्रवाइयों और कल्याणकारी योजनाओं ने बस्तर के ग्रामीणों का हौसला बढ़ाया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार, आवास और आर्थिक सहायता के माध्यम से सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है।

# सीमा की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : राज्यपाल रमेन डेका

### राज्यपाल दरभंगा में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुए शामिल




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका गत दिवस बिहार राज्य के दरभंगा में राष्ट्रीय सनातनी सेवा संघ द्वारा ''सीमा सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत एक विशाल और विविधतापूर्ण देश है, जिसकी सीमाएँ हिमालय की ऊंचाइयों से लेकर हिंद महासागर की गहराइयों तक फैली हुई हैं। सीमा की सुरक्षा केवल सैनिकों और सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

राज्यपाल श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि सीमा की रक्षा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने का आधार है। सीमा की सुरक्षा, देश की आंतरिक और बाह्य स्थिरता के लिए आवश्यक है। यह न केवल बाहरी खतरों जैसे आतंकवाद, घुसपैठ और तस्करी से रक्षा करती है, बल्कि देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को भी संरक्षित करती है। भारत की सीमाएँ, पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और म्यांमार जैसे पड़ोसी देशों के साथ साझा की जाती हैं।

# कैट ने अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मृत यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज शाम 5:00 बजे कैट के प्रदेश कार्यालय में अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मृत यात्रियां के आत्मा की शांति के लिए श्रद्वाजंली सभा रखी गई थी। सभा में कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी शामिल रहें।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार दोपहर लगभग 1:00 बजे अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। उन्होनें आगे बताया कि अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर बहुत दुखी है। हम विमान में सवार सभी प्रभावित लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। नागरिकों का हताहत होना भी उतना ही दुखद है, जिनमें युवा मेडिकल छात्र भी शामिल हैं, जिनका जीवन और भविष्य इस त्रासदी से प्रभावित हुआ है। इस गहरे दुख की घड़ी में कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर देश के साथ एकजुटता में खडे हैं।

श्रद्वाजंली सभा में कैट, युवा कैट, महिला कैट एवं ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारी शामिल रहे- जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्दर सिंह, वासु माखीजा, भरत जैन, जयराम कुकरेजा, महेश खिलासिया, नागेन्द्र तिवारी, मोहन वल्यानी, विजय पटेल, शंकर बजाज, विक्रांत राठौर, परिवन्द्रर सिंह, अमित गुप्ता, यश पटेल, प्रकाश माखीजा, बी.एस. परिहार, ब्रिजेश कुमार सिंह, अमीत गुप्ता ,खोखन कुण्डु एवं गणेशदास।

# Oneplus 13s मोबाइल की लांचिंग इंडियन आर्मी एवं चेंबर अध्यक्ष सतीश थोरानी व संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी द्वारा की गई




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** Oneplus मोबाइल co अपने नए प्रॉडक्ट हमेशा ही कोशिश करती है उन को लांचिंग में भारत देश के लिए अपना योगदान दिया हो आज इसी कड़ी में 13s की लांचिंग इंडियन आर्मी के रिटायर्ड कैप्टन गोवर्धन शर्मा जी एवं सूबेदार रोहित शर्मा जी चेंबर कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थोरानी जी एवं चेंबर कॉमर्स के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी जी कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया जी कार्यकारी अध्यक्ष राधा कृष्ण सुंदरानी जसप्रीत सलूजा सलाहकार अमर गिदवानी किशोर आहूजा विनोद तालरेजा हरिराम तालरेजा राजेश पोपटानी एवं शंकर गंगवानी भागचंद वासवानी अर्जुनदास वासवानी कैलाश वासवानी गुरदास वासवानी के द्वारा लॉन्च किया गया।

राजेश वासवानी ने बताया कि ये वर्ल्ड का सबसे खूबसूरत पतला एवं छोटी साइज का सबसे ज्यादा फीचर वाला मोबाइल फोन है साथ-साथ इसमें लाइफटाइम ग्रीन लाइन की वारंटी के साथ बैटरी की कैपेसिटी 5850 mh एवं 50.50 फ्रंट 32 मेगापिक्सल का कैमरे के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉलिंग की रिकॉर्डिंग 1 साइड बटन से पूरे मोबाइल को कंट्रोल कर सकने वाला पहला मोबाइल फोन है।

कंपनी के ड्डुह्यद्ब अमित पाठक अजय गुप्ता पारस विश्वकर्म जी एवं टेक्नीशियन ट्रेनर सागर सिंग के साथ पूरे प्रदेश के सभी शहरों के मोबाइल डीलर उपस्थित थे। प्रदेश का डिस्ट्रीब्यूशन जय बाबा किशराम एंटरप्राइजेज (La&mi electronics) ग्रुप इसके वितरक है। वनप्लस की अधिकृत शोरूम श्याम प्लाजा के साथ-साथ प्रदेश के सभी शहरों के प्रमुख स्टोर में यह मॉडल उपलब्ध है आज से उपलब्ध है। इस की कीमत 12/256 54999 एवं12/512 59999 का है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का केन्द्र और प्रदेश सरकार पर हमला




### बोले- किसानों को किया जा रहा है हतोत्साहित

**बिलासपुर ( विसं )।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज निजी प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे। इस दौरान वे कई निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए। साथ कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात भी की। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। बघेल ने कहा कि किसानों को हतोत्साहित करने की साजिश हो रही है, ताकि धान खरीदी न करनी पड़े।धान की नीलामी में देरी कर रहे जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 500-600 रु का नुकसान हुआ है। डीएपी खाद सोसाइटी से नदारद है, किसानों के लिए बीज भी नहीं है, पिछले साल के धान का उठाव अभी नहीं हुआ, इन सब से साबित होता है, ये किसान विरोधी सरकार है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि बिजली कटौती सांय सांय हो रही है। लोगों के पास रोजगार नहीं, वे पलायन करने मजबूर हैं, बस्तर से हजारों की तादात में युवक युवती पलायन कर रहे हैं, बस्तर क्षेत्र में 30-40 हजार युवाओं को दूसरे प्रदेशों में जाना पड़ा है, वहां दहशत का माहौल क्यों है। ये सरकार आदिवासी विरोधी है, आदिवासी युवक-युवतियों को जेल में डाला जा रहा है। आगे बघेल ने कहा कि पीएम ने झीरम कांड के आरोपियों को 15 दिन भीतर जेल में होने की बात कही थी, इस बारे में क्या छत्तीसगढ गृहमंत्री विजय शर्मा उनसे सवाल करेंगे? छह महीने के बच्चे को नक्सली बताकर मार दिया गया, कई लोगों को नक्सली बताकर मारा गया, हमारे समय मे एक क्रॉस फायरिंग हुई,उसे भी हमने स्वीकार किया।युक्तियुक्तकरण को लेकर कहा कि 16 जून से स्कूल खुल रहे हैं, शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है, और पूरे विभाग में अफरा तफरी है, हजारों स्कूल बंद हो रहे हैं, शिक्षक हटाए जा रहे हैं, इसका बुरा असर प्रदेश में शिक्षा पर पड़ेगा।सरकार शाला को बंद कर रही, मधुशाला खोल रही, स्कूलों को बंद करने से बच्चों को दूर जाना पड़ेगा।महतारी वंदन की राशि सरकार भुगतान नहीं कर पा रही है, महतारी वंदन में 70 हजार नाम काट दिए गए।

# संकल्प से सिद्धि की प्रेस वार्ता में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर बोले धरम लाल कौशिक




**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** विकसित भारत के अमृत काल में केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला कवर्धा द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री धरम लाल कौशिक विधायक बिल्हा एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, वरिष्ठ रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर उपस्थित रहे.

प्रेस वार्ता की शुरूआत करते हुए संकल्प से सिद्धि अभियान के जिला संयोजक जसविंदर बग्गा ने इस प्रेस वार्ता के उद्देश्य और यशस्वी प्रधामंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 साल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए मुख्य वक्ता श्री धरम लाल कौशिक को वार्ता के लिए आमंत्रित किया.

श्री धरम लाल कौशिक ने कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी सरकार समर्पित है. 11 वर्षो में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी. यही है नया भारत, यही है मोदी सरकार पर विश्व का विश्वास. सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के लिए 2014 से कार्य कर रहे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके मंत्रीमंडल पर भ्रष्टाचार का कोई भी आरोप नहीं लगा है. मोदी शासन काल में जीरो टॉलरेंस एवं 100 से ज्यादा योजनाओ का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है. सरकार का पैसा सीधे लोगों तक पहुंच रहा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 साल के कार्यकाल में नये भारत का निर्माण कर रहे हैं।2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने का प्रयास कर रहे हैं. आज हर देश भारत की ओर देख रहा है. मोदी सरकार ने गरीब कल्याण कार्यक्रमों को इमानदारी से लागू कर गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया। आज 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये है.

इन 11 वर्षों में युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की योजना बनाई गई है. भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने मजबूत नींव रखी गई है. मोदी जी ने देश को एक सुपर पावर देश बनाया है जहां हर भारतवासी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है. आपरेशन सिंदूर में हमारे सैनिक पाकिस्तान के अंदर अपने लक्ष्य को भेद कर सुरक्षित वापस आ गये. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश को महान, आत्मनिर्भर, विकसित भारत बनाने दिन रात मेहनत कर रहे हैं.आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है. मोदी सरकार में भारत के उत्कृष्ट वैज्ञानिको को दी गई पहचान से भारत ने 2024 में चंद्रयान-3 की सफलता और अब गगनयान की तैयारी की जा रही है. मोदी सरकार में 99 प्रतिशत गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं.

# कैट एवं सराफा व्यापारी संघ द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यापारियों ने दी विमान दुर्घटना पीड़ितों को अंतिम विदाई



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** कांफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एंड एसोसिएशन एवं सराफा व्यापारी संघ द्वारा संयुक्त रूप से अहमदाबाद में हुई दुर्भाग्यपूर्ण विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों, यात्रियों एवं विमान कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने हेतु आज एक विशेष सभा की गई। इस पहल की अगुवाई कांफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एंड एसोसिएशन (CAIT) तथा सराफा व्यापारी संघ ने की, जिसमें स्थानीय व्यापारी समुदाय सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहन शोक व्यक्त किया।

सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपस्थित जनसमूह ने इस त्रासदी को देश के लिए एक अत्यंत पीड़ादायक क्षण बताया और यह संकल्प लिया कि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालन की आवश्यकता है।

प्रकाश सांखला एवं पवन बडजात्या तथा संजय चौबे एवं उपस्थित व्यापारियों ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की असामयिक मृत्यु से चिकित्सा क्षेत्र को गहरी क्षति हुई है। वे न केवल अपने क्षेत्र के कुशल सेवक थे, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी थे। इस दुर्घटना ने संपूर्ण राष्ट्र को झकझोर कर रख दिया है।

अंत में सभी व्यापारिक संगठनों ने संयुक्त रूप से मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं तथा सरकार से दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच एवं पीड़ित परिवारों को यथोचित सहायता प्रदान करने की मांग की। सभा में सैकड़ों व्यापारियों ने भाग लेकर अपने संवेदनशील सामाजिक सरोकार का परिचय दिया।


इस अवसर में प्रकाश सांखला, पवन बडजात्या, प्रकाश गोलछा, नेमजी भंडारी, राकेश सकलेचा, विनय कश्यप, राजेश नाहटा, रवि केवलतानी, आशीष खंडेलवाल, प्रहलाद कश्यप, संजय बोहरा, निर्मल जी बोथरा, मांगीलाल सोनी, नितेश परख, नवीन कांकरिया, महावीर लोढ़ा, मनीष लोढ़ा, ललित, राजमल बोथरा, भैरू बाघमार, विजय कोठारी, संजय कोठारी, नरेंद्र बाकलीवाल, राजा बाफना, रमेश साहू, लोकेश गोस्वामी, पन्ना लाल चौधरी, राहुल पंडित, मोनू सेन, प्रेमचंद गोधा, दिनेश भाई शाह, नवनीत श्री श्रीमाल, सुरेश श्री श्रीमाल, सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं व्यापारिक संगठनों के लोग शामिल थे।

# एसआरयू में न्यूरोडायवर्सिटी पर मानव संसाधन सम्मेलन 2025 का आयोजन आज

### 'कार्यस्थल पर न्यूरोडायवर्सिटी-संज्ञानात्मक समावेशन के युग में प्रतिभा की पुनर्कल्पना' समावेशी रोजगार पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी बहुप्रतीक्षित मानव संसाधन सम्मेलन 2025 के लिए तैयार, जो परिवर्तनकारी विषय 'कार्यस्थल पर न्यूरोडायवर्सिटी: संज्ञानात्मक समावेशन के युग में प्रतिभा की पुनर्कल्पना' पर केंद्रित है। सम्मेलन का उद्देश्य समावेशी नियुक्ति प्रथाओं के बढ़ते महत्व और आज के विकसित होते कार्य परिदृश्य में न्यूरोडायवर्सेंट प्रतिभा की अप्रयुक्त क्षमता पर प्रकाश डालना है। रायपुर दक्षिण के माननीय विधान सभा सदस्य श्री पुरेंद्र मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे, और कार्यस्थल समावेशन के उद्देश्य के लिए अपना दृष्टिकोण और समर्थन प्रदान करेंगे। छत्तीसगढ़ निशक्तजन (विकलांग) वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कवर्डिया और आरडीसी कंक्रीट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अनिल बंछोर विशिष्ट अतिथि होंगे, जो विविधता और समावेशन के प्रति नीति और कॉर्पोरेट जिम्मेदारी पर बहुमूल्य दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन में अग्रणी मानव संसाधन पेशेवरों, उद्योग जगत के नेताओं, विकलांगता अधिकार अधिवक्ताओं और नीति निर्माताओं के विचारोत्तेजक सत्रों, पैनल चर्चाओं और नेटवर्किंग अवसरों के लिए मंच प्रदान करना है।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354